


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,सोमवार 23 जून 2025 ■ आषाढ़ कृष्ण पक्ष-12 ■ वर्ष -41 ■ अंक-086 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 24 जून 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112


## बच्चों ने बंदूक छोड़ किताबों से की दोस्ती

### नक्सल प्रभावित इलाकों में आ रहे बदलाव पर बोले अमित शाह

**रायपुर,23 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने राजधानी रायपुर में उन्होंने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों से पहुंचे बच्चों और युवाओं से मुलाकात की. केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि जिन मासूम बच्चों के हाथों में नक्सलियों ने कभी बंदूकें थमाई थी, उन्हीं हाथों में आज किताबें देकर भविष्य संवारा जा रहा है. उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, '' जिन मासूम बच्चों के हाथों में कभी नक्सलियों ने बंदूकें थमा दी थी, आज उनके हाथों में किताबें देकर उनका भविष्य सँवारा जा रहा है. छत्तीसगढ़ सरकार की 'लियोर ओयना' योजना के अंतर्गत नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के बच्चों को रायपुर लाकर उन्हें मुख्यधारा से जोड़, उनका



आत्मविश्वास बढ़ाया जा रहा है. आज इस योजना के तहत नवा रायपुर आए बीजापुर के उसूर और गंगालूर विकासखंड के युवाओं से भेंट कर मन आनंदित है. '' केन्द्रीय गृहमंत्री को नारायणपुर जाना था, लेकिन यह दौरा रद्द कर दिया गया है.



### शहीद के परिजनों से की मुलाकात

गृह मंत्री अमित शाह ने नवा रायपुर में सुकमा में आईईडी विस्फोट में शहीद आकाश राव गिरिपुंजे के परिजनों से सौजन्य भेंट की। उन्होंने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की और उन्हें सांत्वना प्रदान की। शाह ने शहीद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरिपुंजे की वीरता और बलिदान की सराहना करते हुए कहा कि उनकी शहादत देश के लिए अविस्मरणीय है। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश हमेशा उनके बलिदान का ऋणी रहेगा और उनकी शहादत को कभी व्यर्थ नहीं जाने दिया जाएगा।

## संक्षेप

### केरल विधानसभा उपचुनाव नीलांबुर सीट पर कांग्रेस के आर्यदान शौकत जीते

**तिरुवनंतपुरम,23 जून ।** केरल की नीलांबुर विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में कांग्रेस के आर्यदान शौकत ने जीत दर्ज कर ली है। उन्होंने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के एम स्वराज को हराया है। शौकत को 77,737 वोट मिले हैं, जबकि एम स्वराज को 66,660 वोट मिले हैं। तीसरे स्थान पर स्वतंत्र उम्मीदवार पीवी अनवर रहे, जिनको 19,760 वोट मिले हैं। भाजपा के उम्मीदवार एडवोकेट मोहन जॉर्ज को 8,648 वोट मिले हैं। केरल में अगले साल विधानसभा चुनाव हैं। ऐसे में यहां नीलांबुर उपचुनाव को सेमीफाइनल माना जा रहा है। यह सीट पीवी अनवर के इस्तीफे से खाली हुई है, जो 2 बार वामपंथी समर्थन से जीते थे, लेकिन फिर कांग्रेस से मिल गए और निर्दलीय मैदान में उतरे थे। शौकत कांग्रेस ने पूर्व विधायक आर्यदान मोहम्मद के बेटे हैं। नीलांबुर, प्रियंका गांधी के पास वायनाड लोकसभा क्षेत्र में है, जिससे यहां मुकाबला दिलचस्प था।

### मध्य पूर्व में तनाव के कारण भारत में ईंधन की कमी नहीं होगी : हरदीप पुरी

**नई दिल्ली,23 जून।** केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने इजरायल-ईरान युद्ध के कारण भारतीय उपभोक्ताओं को तेल आपूर्ति में किसी भी तरह की बाधा आने और ईरान के परमाणु स्थलों पर अमेरिका द्वारा बमबारी के कारण मध्य पूर्व में भू-राजनीतिक तनाव में वृद्धि की आशंकाओं को दूर किया। केंद्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, हम पिछले दो सप्ताह से मध्य पूर्व में बढ़ रही भू-राजनीतिक स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम पिछले कुछ वर्षों में अपनी आपूर्ति में विविधता लाए हैं और अब हमारी आपूर्ति का एक बड़ा हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य से नहीं आता है। उन्होंने बताया कि देश की तेल विपणन कंपनियों (इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम) के पास कई सप्ताह के लिए आपूर्ति है और उन्हें कई मार्गों से ऊर्जा आपूर्ति मिलती रहती है। केंद्रीय मंत्री पुरी ने आश्वासन दिया, हम अपने नागरिकों को ईंधन की आपूर्ति की स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएंगे।

## सेंट्रल जोनल काउंसिल की बैठक में शामिल होंगे सीएम विष्णुदेव साय

**वाराणसी,23 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़**

मंगलवार को आयोजित होने वाली सेंट्रल जोनल काउंसिल की बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल होंगे. केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह 4 राज्यों उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक करेंगे. इसमें शामिल होने के लिए सोमवार को सीएम साय वाराणसी रवाना हो गए हैं. आज वे वहां काल भैरव मंदिर में दर्शन और पूजा करेंगे. मंगलवार को सेंट्रल जोनल काउंसिल की बैठक होटल ताज के दरबार हॉल में होगी. यह 3 घंटे चलने वाली बैठक गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में पूरी होगी. योगी आदित्यनाथ इसमें क्षेत्रीय उपाध्यक्ष की भूमिका में होंगे. इस बैठक में चारों स्टेट कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा कर सकते हैं. इनमें मुख्य रूप से विकास, सड़क, सुरक्षा, परिवहन, घुसपैठ और जल जीवन मुख्य मुद्दा होगा. पर्यावरण संरक्षण के साथ ग्लोबल वार्मिंग को लेकर भी चर्चा हो सकती है. इसके अलावा मुख्य रूप से सभी राज्यों के सामने घुसपैठ रोकने बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुसलमानों का वेरिफिकेशन करने के साथ ही महिला अपराध जैसे गंभीर विषयों पर भी मंथन होगा. इसके अतिरिक्त नदियों की स्वच्छता और उन्हें जोड़ने के साथ पर्यटन जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हो सकती है.

इसके बाद गृह मंत्री और मुख्यमंत्रियों के साथ आया अधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल नमो घाट जाएंगे और क्रूज के जरिए अस्सी घाट तक गंगा की सैर करेंगे. इसके बाद दशा सुमेर घाट पर होने वाली गंगा आरती में शामिल होंगे. मुख्यमंत्री साय कल रात बनारस से दिल्ली रवाना हो जाएंगे.

## साय ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की

**रायपुर 23 जून.** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज अपने निवास कार्यालय में भारत के प्रथम उद्योग मंत्री, महान शिक्षाविद्, और भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने राष्ट्र निर्माण में डॉ. मुखर्जी के अतुलनीय योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें नमन किया।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की एकता, सामाजिक न्याय और आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए अपने जीवन का प्रत्येक क्षण समर्पित किया। वे न केवल कुशल संगठक थे, बल्कि दूरदर्शी राष्ट्रनायक भी थे, जिन्होंने भारतीय राजनीति को राष्ट्रीयता और सांस्कृतिक अस्मिता के सुदृढ़ सूत्र में पिरोया। श्री साय ने कहा कि भारतीय जनसंघ की स्थापना के माध्यम से डॉ. मुखर्जी ने एक ऐसी विचारधारा को जन्म दिया, जिसने देश को राष्ट्रीय हित में सोचने और कार्य करने की नई दृष्टि प्रदान की। उनके विचार आज भी हमारी लोकतांत्रिक चेतना को दिशा देते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन हमें सिखाता है कि राष्ट्रसेवा आजीवन साधना और तपस्या है। उनका समर्पण और उच्च आदर्श आज भी हम



सभी के लिए प्रेरणा का प्रकाशस्तंभ हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी उनके दिखाए मार्ग पर चलकर समृद्ध, सशक्त और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए दृढ़संकल्पित हैं।

## ईरान-इजरायल युद्ध में दोनों तरफ से हमले जारी अमेरिका और पाकिस्तान की हो रही किरकिरी

**तेल अवीव,23 जून।** इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने ईरान के छह एयर बेस पर भीषण ड्रोन हमले किए हैं। इजरायल ने ये हमले पश्चिमी, पूर्वी और मध्य ईरान में किए हैं। आईडीएफ ने सोमवार को इसकी जानकारी देते हुए दावा किया है कि रात में किए गए इन हमलों में 15 ईरानी लड़ाकू विमानों, कई हेलीकॉप्टरों और दूसरी अहम सुविधाओं को तबाह कर दिया। इजरायल ने ड्रोन के जरिए ये हमले किए हैं, जिनमें ईरान के एयरफोर्स के ठिकानों पर भारी नुकसान हुआ है। इस पर ईरान की ओर से अभी प्रतिक्रिया नहीं आई है। ईरान भी इन हमलों के बदले जवाबी कार्रवाई जारी रखे हुए है.

### रूस के रुख से बढ़ा ट्रंप का टेंशन

इधर रूसी राष्ट्रपति पुतिन के करीबी और रूस के पूर्व राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव ने ऐसा बयान दिया है, जिसने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टेंशन बढ़ा दी है. मेदवेदेव ने राष्ट्रपति ट्रंप पर आरोप लगाया कि उन्होंने अमेरिका को एक नए युद्ध में धकेल दिया है. मेदवेदेव ने कहा. 'शांति स्थापित करने वाले राष्ट्रपति के रूप में आए ट्रंप ने अमेरिका के लिए एक नया युद्ध शुरू कर दिया है.' अमेरिका की एयरस्ट्राइक पर सवाल उठाते हुए पूर्व रूसी राष्ट्रपति ने कहा कि इस स्ट्राइक में ईरान के बुनियादी ढांचे को कोई खास नुकसान नहीं पहुंचा है या केवल मामूली नुकसान पहुंचा है. अब हम स्पष्ट कह सकते हैं कि ईरान द्वारा भविष्य में परमाणु हथियारों का उत्पादन जारी रहेगा.' उन्होंने दावा किया, 'कई देश ईरान को सीधे अपने परमाणु हथियार आपूर्ति करने के लिए तैयार हैं.' हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि वे किन देशों की बात कर रहे थे. मेदवेदेव ने आगे कहा कि इजरायली आबादी अब लगातार खतरे में जी रही है, देश के कई हिस्सों में विस्फोट हो रहे हैं. उन्होंने कहा, 'अमेरिका अब एक नए संघर्ष में उलझा हुआ है, जिसमें ज़मीनी कार्रवाई की संभावनाएं मंडरा रही हैं.

### चापलूसी कर घिरा पाक

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को शांति के नोबल पुरुस्कार के लिए नॉमिनेट कर पाकिस्तान की सेना और सरकार देश और विदेश दोनों जगह किरकिरी हो रही है. पाक द्वारा ट्रंप को शांति दूत बताने के कुछ घंटों के भीतर ही ईरान पर बमबारी कर दी, इसके बाद पाकिस्तान में विपक्ष और कुछ संगठनों ने वहां की सरकार से माफी मांगने की मांग की है.

## शिवनाथ नदी में गिरी कार बैंककर्मी की मौत,3 गंभीर

**सिमगा,23 जून।** रायपुर से बेमेतरा की ओर जा रही तेज रफ्तार कार बेकाबू होकर शिवनाथ नदी में जा गिरी। हादसे में कार सवार बैंक कर्मचारी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। मामला सिमगा थाना क्षेत्र के शिवनाथ नदी का है। मृतक की पहचान अमित बघेल के रूप में हुई है, जो मध्यप्रदेश के जबलपुर जिले के गौरीघाट इलाके का रहने वाला था। वे बेमेतरा के बैंक ऑफ इंडिया शाखा में पदस्थ थे। अमित खुद कार चला रहा था। हादसा सुबह करीब 8 बजे सिमगा के पुराने पुल पर हुआ। कार में



कुल चार लोग सवार थे। सभी रायपुर से जबलपुर जा रहे थे। हादसे के बाद मौके पर भारी संख्या में भीड़ इकट्ठा हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से 3 घायलों को बाहर निकाला गया। इन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## परीक्षा में कम नंबर लाने पर पिता ने बेटी को पीट-पीट कर मार डाला

**सांगली,23 जून।** गुस्सा बेहद खतरनाक चीज होती है। और इसी का शिकार हो गयी महाराष्ट्र के सांगली जिले में रहने वाली एक 12वी क्लास की लड़की। दिल को दहला देने वाली एक घटना में एक पिता ने अपनी बेटी को आटा पिसने वाली चक्की के हैंडल से पीट पीट कर मार डाला है। आइये जानते है पूरा मामला क्या है- सांगली में एक स्कूल शिक्षक ने कम नंबर लाने पर अपनी 16 वर्षीय बेटी की पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना शनिवार रात आटपाडी तहसील के नेलकरंजी गांव में हुई। अधिकारी ने कहा कि आरोपी धोंडीराम भोसले (45) अपनी बेटी साधना से नाराज था। उसकी बेटी बारहवीं कक्षा की छात्रा थी। एक परीक्षा में कम नंबर आने को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई थी। अधिकारी ने बताया कि आरोपी ने आटा पीसने के



लिए इस्तेमाल की जाने वाली पत्थर की चक्की का लकड़ी का हैंडल उठाया और अपनी पत्नी और बेटे की मौजूदगी में उससे अपनी बेटी को पीटना शुरू कर दिया। आटपाडी पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक विनय बहिर ने कहा, गंभीर रूप से घायल साधना को सांगली के अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में उसकी मौत की वजह बहुत सी चोटें लगना बताया गया है।

### अखिलेश ने तीन विधायकों को पार्टी से निकाला

**लखनऊ,23 जून।** समाजवादी पार्टी ने पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त होने के आरोप में अपने तीन विधायकों को बाहर का रास्ता दिख दिया है।

इन विधायकों में गोशाईगंज से विधायक अभय सिंह, गौरीगंज से विधायक राकेश प्रताप सिंह और ऊंचाहार से विधायक मनोज कुमार पांडेय का नाम शामिल है। अपने निष्कासन के बावजूद तीनों विधायक तकनीकी रूप से विधानसभा रिकॉर्ड में समाजवादी पार्टी के विधायक बने हुए हैं, जब तक कि आगे कोई विधायी कार्रवाई नहीं की जाती।

## सबको विश्वास में लेकर हो नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई : सचिन पायलट

**रायपुर,23 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट दो दिन की यात्रा पर राजधानी पहुंचे हैं. यहां वे प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेताओं के साथ कई दौर की बैठक करेंगे. इस दौरान उन्होने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए प्रदेश की साय सरकार और केन्द्र सरकार पर निशाना साधा. पायलट ने कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था लचर हो गई है। ऐसा लगता है कि यहां दिल्ली से सब कुछ मैनेज हो रहा, रायपुर का नियंत्रण कम है। जिन्हें शासन चलाने के लिए जनता से आशीर्वाद मिला है, वो भी हर निर्णय के लिए दिल्ली की ओर देख रहे हैं। पायलट ने अमित शाह के नक्सलियों को 'सोने नहीं देंगे' वाले




बयान पर कहा कि हम हिंसा के खिलाफ हैं, लेकिन कार्रवाई पारदर्शी और संवेदनशील तरीके से होनी चाहिए। आंतरिक सुरक्षा का विषय है इसलिए, सबको विश्वास में लेकर कार्रवाई की जानी चाहिए।

सचिन पायलट ने कहा कि कांग्रेस विधायकों ने सदन में प्रभावशाली तरीके से मुद्दे उठाए हैं। अब पार्टी राज्य के प्रमुख मुद्दों पर रणनीतिक चर्चा करेगी। साथ ही अब तक के कार्यों की रिपोर्ट ली जाएगी और 2025 के लिए संगठन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस साल को राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे ने संगठन के लिए समर्पित किया है। बूथ से लेकर प्रदेश स्तर तक संगठन में जो बदलाव जरूरी हैं, उन पर चर्चा होगी।

## शशि थरूर ने कांग्रेस को दिया एक और झटका !

**नई दिल्ली,23 जून।** कुछ मुद्दों को लेकर पार्टी के साथ चल रहे कथित मतभेदों के बीच कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी की तारीफों के पुल बांधे हैं। उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री की ऊर्जा, जोश और लोगों से जुड़ने की उनकी इच्छा, देश के लिए एक संपत्ति है। शशि थरूर ने ये बातें द हिंदू के लिए लिखे गए एक लेख में कही हैं। शशि थरूर ने इस लेख में ऑपरेशन सिंदूर के बाद भेजे गए डेलिगेशन के अनुभव भी साझा किए हैं। उन्होंने इसे कूटनीति के स्तर पर बेहद सफल दौरा बताया है। शशि थरूर ने लिखा है कि पहलगाम हमले के बाद भारत ने जिस तरह ऑपरेशन सिंदूर के जरिए कड़ी प्रतिक्रिया दी, उतनी ही अहम भारत द्वारा भेजे गए डेलिगेशन के जरिए कूटनीतिक बातचीत भी थी। उन्होंने लेख में कहा है, ''22 अप्रैल 2025 को पहलगाम आतंकी हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भारत की दृढ़ प्रतिक्रिया बेहद जरूरी थी। जैसे तत्काल सैन्य कार्रवाई निर्णायक साबित हुई, वैश्विक धारणाओं को



आकार देने में उसके बाद की कूटनीतिक पहुंच उतनी ही महत्वपूर्ण थी।'' बता दें कि शशि थरूर गुयाना, पनामा, कोलंबिया, ब्राजील और अमेरिका भेजे गए डेलिगेशन का हिस्सा थे। उन्होंने कहा है कि सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडलों में से एक का नेतृत्व करना एक अनूठा दृष्टिकोण प्रदान करता है। उन्होंने कहा है कि इस डेलिगेशन की सबसे खास बात यह थी कि इसने एक मजबूत विदेश नीति की आवाज को पूरे विश्व में स्थापित किया।

उन्होंने कहा, ''हमारे प्रतिनिधिमंडल की संरचना, जिसमें विभिन्न राजनीतिक दल, राज्यों और धर्मों के संसद सदस्य शामिल थे, ने इस बात को रेखांकित किया कि जब राष्ट्रीय सुरक्षा और आतंकवाद का सामना करने की बात आती है, तो भारत एक स्वर में बोलता है।''

उन्होंने यह भी कहा कि डेलिगेशन ने ऑपरेशन सिंदूर पर दुनिया को स्पष्टता प्रदान की। इस दौरान इस बात पर जोर दिया दिया गया कि भारत की कार्रवाई कितनी जरूरी थी। कोलंबिया द्वारा पाकिस्तानी नागरिकों के हताहत होने के अपने प्रारंभिक बयान को वापस लेना और भारत के प्रति समर्थन की पुनः पुष्टि करना कूटनीतिक जीत का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि डेलिगेशन ने पाकिस्तान और आतंकवाद के बीच सांठ-गांठ को एक बार फिर पूरी दुनिया के सामने लाने का काम किया।

## जगन मोहन की एसयूवी से कुचला गया शख्स की मौत, सड़क किनारे छोड़ आगे बढ़ गए थे समर्थक

**मानवता हुई शर्मसार**

**अमरावती,23 जून।** आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और वाईएसआर कांग्रेस के प्रमुख जगन मोहन रेड्डी के काफिले से कुचलकर एक 65 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई है, जिसके बाद रेड्डी समेत अन्य लोगों पर गुंटूर में एफआईआर दर्ज की गई है। गुंटूर पुलिस अधीक्षक एस सतीश कुमार ने बताया कि प्राथमिकी में रेड्डी के अलावा उनके चालक रमना रेड्डी, निजी सहायक नागेश्वर रेड्डी, वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद वीईवी सुब्बारेड्डी, पूर्व विधायक पर्नी वेंकटरमैया और पूर्व मंत्री विदाला रजनी शामिल हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 18 जून को रेड्डी तीन वाहनों के काफिले के साथ रेंटापल्ला गए थे, जहां उन्होंने वाईएसआर कांग्रेस के एक नेता के परिवार से मुलाकात की। नेता ने एक साल पहले आत्महत्या की थी। रेंटापल्ला जाते समय वाईएसआर कांग्रेस के समर्थक सड़क किनारे रेड्डी का स्वागत करने के लिए एकत्र हुए थे, तभी 65 वर्षीय चीली सिंगय्या काफिले के वाहन से टकराकर बुरी तरह घायल हो गए। उनकी गुंटूर सरकारी अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने पहले सिंगय्या की पत्नी चीली लुरधु मैरी की शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 106(1) (लापरवाही से मौत) के तहत मामला दर्ज किया। इसके बाद जब सीसीटीवी फुटेज, ड्रोन वीडियो, प्रत्यक्षदर्शियों और अन्य तकनीकी साक्ष्यों की जांच की गई तो इसे गंभीर मानते हुए बीएनएस की धारा 105 और 49 में बदला गया।

## एक नजर

### बीएसपी में अंतर्विभागीय संगीत स्पर्धा 24 को

**भिलाई, 23 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा अंतरविभागीय संगीत (गायन) प्रतियोगिता-2025 का आयोजन किया जा रहा है। 24 जून को महात्मा गांधी कला मंदिर, सिविक सेंटर में प्रातः 10 बजे इसका औपचारिक शुभारंभ होगा। पांच दिवसीय इस प्रतियोगिता में संयंत्र के विभिन्न विभागों से आए प्रतिभागी एकल एवं युगल गायन की अपनी विविध और मनमोहक प्रस्तुतियों के माध्यम से संगीत प्रेमियों को एक सुरमयी अनुभव प्रदान करेंगे। 24 से 28 जून तक आयोजित इस संगीतमय कार्यक्रम में संयंत्रकर्मी और उनके पति/पत्नी हिंदी, गैर हिंदी और युगल गायन के विभिन्न वर्गों में अपनी गायकी का जादू बिखेरेंगे। प्रतियोगिता के नियमानुसार प्रतिभागी केवल दो वर्गों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का परिचय देंगे।

### जेल से बाहर आए आरोपी ने बुजुर्ग से की ठगी

**भिलाई, 23 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भिलाई पाटन थाना अंतर्गत जेल से बाहर आए हत्या के आरोपी ने बुजुर्ग को ठगी का शिकार बना लिया। आरोपी बुजुर्ग को उसके बेटे की जमानत कराने का झांसा देकर उसे दुर्ग लेकर आ गया, जहां उसकी एक्टिवा पार्किंग में खड़ाने की बोलकर पैसे और एक्टिवा समेत उसका मोबाइल लेकर फरार हो गया पुलिस ने मामले में धारा 316 (2), 318(4) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है पाटन टीआई अनिल साहू ने बताया कि वार्ड 8 ग्राम रवेली निवासी नंदन यादव (59 साल ) ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसका बेटा ओम प्रकार यादव अनाचार मामले में जेल में बंद है 20 जून की नंदन में घर में था ग्राम देमार का रहने वाला संजू वैष्णव उसके घर मिलने पहुंचा और बताया कि वो जेल से छूटकर आ गया है उसके बेटे ओम प्रकाश की भी जमानत हो गयी इस संबंध में उसकी दुर्ग कोर्ट में बात हो गई है केवल पैसे रखकर उसके साथ चले उसकी बातों पर प्रार्थी ने विश्वास कर लिया उसके साथ तुरंत चलने के लिए तैयार हो गया घर में उसके पास रखे 1500 रुपए जेब में रख लिए और अपनी एक्टिवा से दुर्ग जाने के लिए दोनों निकल गए इसके बाद उसे नोटरी कार्यालय ले गया नोटरी करने वालों को इशारा करके नोटरी कराने की बात कही और प्रार्थी से उसकी जेब में रखे 1500 रुपए ले लिए इसके बाद कॉल करने की बोलकर मोबाइल भी ले लिया

### रानी लक्ष्मीबाई बलिदान दिवस पर कवि सम्मेलन आयोजित




**भिलाई, 23 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** रानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस एवं स्वतंत्रता सेनानियों के याद में जागृति साहित्य समिति के बैनर तले वीर रस कवि सम्मेलन कर्मा भवन सेलूद में आयोजन किया गया । जिसमें रिक्की बिंदास ने अपनी वीर रस कविता से खुब तालियां बटोरीं। रघुनाथ देशमुख ने रानी लक्ष्मीबाई पर वीर रस कविता से वाह वाही पाई तो डॉ यशवंत यश सूर्यवंशी एवं बिसरू राम राम कुर्रे ने अपनी व्यंग्य भरी रचना से सबको प्रभावित किया। बैसाखू राम साहू ने मां सरस्वती वंदना कर कवि सम्मेलन का आगाज किया। मंच संचालन डॉ रमाशंकर सोनी ने किया।कवि सम्मेलन में अंचल के कवियों ने अपनी रचना का पाठ किया, जिसमें वीर रस कवि मन्नूलाल यदु नाथ रायपुर, यशवंत यदु यश रायपुर, उत्तम देवहरे रायपुर द्वारा कविता पाठ किया गया।

### पंचायतों में ग्राम सभा का आयोजन 25 जून से

**बलौदाबाजार, 23 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पंचायत संचालनालय के निर्देशानुसार कलेक्टर दीपक सोनी ने जिले के ग्राम पंचायतों में आगामी 25 जून से ग्राम सभा आयोजित करने आदेश जारी किया हैं।ग्रामसभा में गणपूर्ति एवं अधिक से अधिक संख्या में लोगों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने का दायित्व सरपंच व सचिव की होगी। ग्राम सभा में पंचायतों में विगत तिमाही की आय- व्यय की समीक्षा, पिछली वर्ष विभिन्न योजनाओं के काम क़ा वाचन, नरेगा अंतर्गत ग्रामीण परिवारों का रोजगार की मांग तथा उपलब्ध कराए गये कार्य की समीक्षा, पेंशन योजनाओं का सामाजिक अंकेक्षण, मौसमी बीमारियों के रोकथाम एवं नियंत्रण पर चर्चा, कर आरोपण एवं वसूली की समीक्षा सहित विकास कार्यों की समीक्षा होगी।

### निधन

#### योगेंद्र कुमार पांडेय



**भिलाईनगर, 23 जून।** भिलाई इस्पात संयंत्र टीपीएल विभाग के लोकप्रिय कर्मी, वरिष्ठ भाजपा नेता मैत्री नगर रिसाली निवासी योगेंद्र कुमार पांडेय मुन्ना भैया का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार 24 जून को सुबह 11 बजे राम नगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। योगेन्द्र कुमार पाण्डेय त्रिभुवन नाथ पाण्डेय व स्वर्गीय हीरावती देवी के पुत्र, नागेन्द्र पाण्डेय के अनुज व मंदाकिनी व कादिम्बिनी, के बड़े भाई थे। वे पत्नी ऊषा पांडेय, पुत्र ध्रुव व बिटिया अपूर्वा के साथ पूरा भरा पुरा परिवार छोड़ गये हैं।

### निःशुल्क चिकित्सा शिविर



**भिलाई, 23 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के दुल्की माइन्स के सीएसआर के अंतर्गत ग्राम कमकासुर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। प्रातः 10 बजे से प्रारंभ हुए शिविर में लोगों की सामान्य जांच के साथ ही शुगर, बीपी आदि की निःशुल्क दवाएं भी प्रदान की गई। कुल 37 लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराकर शिविर का लाभ उठाया।

## ट्रेन के विस्तार के लिए सांसद को सौंपा ज्ञापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 23 जून।** सांसद विजय बघेल को विशाखापट्टनम-हजरत निजामुद्दीन ट्रेन के विस्तार के संबंध में एक ज्ञापन सौंपा गया। इस ज्ञापन में हरिद्वार तक ट्रेन के विस्तार की मांग की गई है, इसी कड़ी में समता एक्सप्रेस को हरिद्वार तक बढ़ाने की मांग किए गए जिससे दुर्ग सहित इस मार्ग के हजारों यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। डॉ. पाणिग्रही ने ज्ञापन में बताया कि वर्तमान में यह ट्रेन हजरत निजामुद्दीन पर समाप्त हो जाती है, जिससे हरिद्वार जाने वाले यात्रियों को असुविधा होती है। खासकर, दुर्ग और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग धार्मिक यात्राओं और अन्य कार्यों के लिए हरिद्वार जाते हैं। ट्रेन का हरिद्वार तक विस्तार होने से उन्हें सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी और उन्हें बीच में ट्रेन बदलने या अन्य साधनों का उपयोग करने की परेशानी से निजात मिलेगी। सांसद विजय बघेल ने डॉ. पाणिग्रही द्वारा उठाए गए इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर गंभीरता व्यक्त की है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि वे इस मांग को रेल मंत्रालय तक पहुंचाएंगे और स्वयं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को इस संबंध में पत्र लिखेंगे।



### स्कूटी से भ्रमण पर निकले रिकेश सेन ने बनाई देव धाम की योजना

## विधायक ने किया लाखों के निर्माण कार्य का शुभारंभ




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 23 जून।** वैशाली नगर स्थित कालीबाड़ी मंदिर प्रांगण में मां काली की पूजा अर्चना कर वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने रविवार को स्कूटी से अपनी वार्ड भ्रमण का शुभारंभ किया। राम नगर में वरिष्ठ नागरिकों के साथ उन्होंने सड़क किनारे 50 लाख की लागत से फुटपाथ निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। वार्ड भ्रमण करते हुए विधायक रिकेश स्कूटी से जवाहर नगर वार्ड पहुंचे जहाँ विभिन्न समाज के मंदिरों और सम्पूर्ण स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने श्रीश्रीश्री मंकिनम्मा मंदिर, रेणुका येलम्मा देवी मंदिर, नुकाम्बिका देवी, विराट पोतुलुरी वीर ब्रह्मेंद्र स्वामी मंदिर और मां सिन्धु पाटरानी मंदिर में दर्शन कर तेलुगू, उत्कल, वैश्य, चित्रगुप्त, यदुवंशी, कसौधन वैश्य समाज प्रतिनिधियों सहित लगभग 9 समाज के स्थापित मंदिर और परिसर का दौरा किया। विधायक ने इस स्थल पर सभी मंदिरों के लिए सीमेंटेड पहुंच मार्ग, ट्यूबलर पोल से स्ट्रीट लाइट सहित समुचित प्रकाश व्यवस्था का कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्थल उपलब्धता के आधार पर बहुत जल्द यहां डोम शेड निर्माण का प्रस्ताव वो भेज रहे हैं। इस स्थल पर सभी समाज का सिद्ध मंदिर है, यहां कई वर्षों से लगभग 9-10 विभिन्न समाज के धार्मिक आयोजन होते हैं, उन सबके भगवान के मंदिर यहां पर हैं। इस परिसर में कच्चा रास्ता है, पानी भर जाने से श्रद्धालुओं के लिए बड़ा मुश्किल हो जाता है और कई दुर्घटनाएं भी होती हैं। इसलिए यहां नाली का निर्माण, विद्युत पोल, सीमेंटेड पहुंच मार्ग, वॉशरूम बनाते हुए सभी समाज के मंदिर और प्रांगण को एकसमान रूप में विकसित कर इसे देव धाम की तरह डेवलप किया जाएगा।

## 6 साल से फरार धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दुर्ग, 23 जून।** 8 लाख रुपए की धोखाधड़ी मामले में 6 वर्षों से फरार चल रहे एक आरोपी को रानीतराई पुलिस ने पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया है रानीतराई पुलिस ने बताया कि प्रार्थी रेवाराम साहू निवासी ग्राम बेलहारी ने 2 अक्टूबर 2019 को रिपोर्ट दर्ज कराया कि उनकी पुत्री को बीएससी नर्सिंग में एडमिशन दिलाने के नाम पर आरोपी मोबाइल धारक ने प्रार्थी से 21 जून 2019 से 16 अगस्त 2019 तक अलग - अलग बैंक अकाउंट में कुल 7,91,000 रुपए जमा कराकर प्रार्थी के साथ धोखाधड़ी की घटना पश्चात मोबाइल बंद कर फरार हो गया था।

रिपोर्ट पर पुलिस ने मामले में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था विवेचना दौरान आरोपी की तलाश की जा रहा थी इसी दौरान आरोपी का पता पश्चिम बंगाल हुगली जिला में पाए जाने पर थाना रानीतराई से टीम भेजा गया था आरोपी अनुप घोष (42 साल ) को पश्चिम बंगाल में गिरफ्तार किया गया है।



### सीईओ ने 3 गांवों में आवास निर्माण का निरीक्षण किया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दुर्ग, 23 जून।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम अजय कुमार त्रिपाठी द्वारा पंडरिया विकासखंड के वनांचल ग्राम पंचायत आगरपानी, पोलमी एवं भेलकी का सघन दौरा कर प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत निर्माणधीन आवासो का निरीक्षण किया 7 निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत भेलकी के आश्रित ग्राम बदनाचुआ में पीएम जनमन के हितग्राहियों से संवाद करते हुए शासन के महत्वाकांक्षी योजना पर चर्चा कर निमार्णाधीन आवासों को जल्द से जल्द पूर्ण करने के लिए हितग्राहियों को प्रोत्साहित किया गया7 भ्रमण कार्यक्रम के दौरान जनपद पंचायत पंडरिया के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री चित्रा यादव को निर्देशित किया कि जनमन आवास के लाभार्थियों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के माध्यम से गैस कनेक्शन, आयुष्मान कार्ड एवं राशन कार्ड जैसे मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति कराया जाए। मैदानी कर्मचारियों को निर्देशित किया कि आवास निर्माण में जियोटैगिंग समय पर हो ताकि समय पर किश्त की राशि का भुगतान हो सके । निर्माण सामग्रियां समय पर उपलब्ध कराने के लिए हितग्राही को सतत सहयोग प्रदान करे। जनमन आवास निर्माण में महात्मा गांधी नरेगा योजना अंतर्गत 95 दिवस का रोजगार उपलब्ध कराने कहा गया।

## पुलिस ने अभियान चलाकर सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वाले 40 लोगों पर की कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दुर्ग, 23 जून।** पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने की बढ़ती शिकायतों के बाद एक बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने 14 थाना क्षेत्रों में एक विशेष अभियान चलाकर 6 घंटे के भीतर करीब 40 लोगों को पकड़कर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

पुलिस प्रवक्ता पद्मश्री तंवर ने बताया कि नगर पुलिस अधीक्षक छावनी के - नेतृत्व में थाना जामुल क्षेत्र में 10, - खुर्सीपार में 02, नगर पुलिस अधीक्षक, भिलाई नगर के नेतृत्व में थाना भिलाई नगर क्षेत्र में 05, भिलाई भट्ठी में 01, नेवई में 01, सुपेला में 03, नगर पुलिस अधीक्षक दुर्ग के नेतृत्व में थाना दुर्ग में 03, मोहन नगर में 04, पद्मनाभपुर में 05, पुलगांव में 02, जेवरा सिरसा में 01, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पाटन के नेतृत्व में पाटन में 01, रानीतराई में 01 एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी धमधा के नेतृत्व में धमधा से 01 इस प्रकार 40 व्यक्तियों के विरुद्ध आबकारी की कार्यवाही की गई। इस दौरान अड्डेबाजी के लिए स्पॉट बनने वाले होटल, ढाबा, ठेला और दुकानों को भी निर्धारित समय पर बंद कराया गया।



## लोगों ने बिजली,युवाओं ने विधायक से की महेंद्र कर्मा यूनिवर्सिटी भर्ती में गड़बड़ी की शिकायत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 23 जून।** भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने रविवार को अपने सेक्टर-5 स्थित निवास स्थान में लोगों से भेंट-मुलाकात की। इस दौरान एचएलसीएल सेक्टर-6 के लोग भी विधायक के पास पहुंचे। लोगों ने विधायक को बताया कि उनके क्षेत्र में बिजली की बड़ी समस्या है। आए दिन बार-बार बिजली गुल होता है। बार-बार शिकायत के बाद भी बिजली को सुधार नहीं जाता। कई दिन 12 घंटे 24 घंटे तक भी लाइट गोल रहता है। इस वजह से क्षेत्र के लोगों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों की समस्याओं को सुनकर विधायक देवेंद्र यादव ने बिजली विभाग के अधिकारियों से बातचीत की और व्यवस्था को दुरुस्त करने का निर्देश दिए। इसके अलावा छावनी और खुर्सीपार क्षेत्र से भी सैकड़ों की संख्या में लोग आए, जिन्होंने विकास कार्य और विभिन्न सुविधाओं की मांग की और अपनी-अपनी समस्याएं भी विधायक देवेंद्र यादव को बताई। कुछ युवा भी विधायक देवेंद्र यादव से मिलने पहुंचे जिन्होंने बताया कि महेंद्र कर्मा यूनिवर्सिटी बस्तर में भर्ती प्रक्रिया में बड़ी गड़बड़ी की गई है। इस वजह से योग्य उम्मीदवारों को जगह नहीं मिल पा रही है। रायपुर से कबीरपंथियों का प्रतिनिधि मंडल विधायक देवेंद्र यादव से मिलने आया था। कई लोग राशन कार्ड की मांग लेकर पहुंचे। कुछ लोग अपने बच्चों के एडमिशन के लिए मदद की गुहार लगाई। कई लोगों के बेहतर इलाज के लिए मदद की। अस्पताल प्रबंधन को फोन कर लाइनअप किया और बेहतर इलाज कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा बहुत सी महिलाएं व पुरुष जिन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा था, वे भी विधायक के पास योजनाओं का लाभ दिलाने की मांग लेकर पहुंचे। जिन्होंने अपनी परेशानी विधायक को बताई। तब विधायक यादव ने संबंधित अधिकारियों को फोन कर जरूरतमंद लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ देने के निर्देश दिए।

## समाचार संक्षेप

### सांसद को भेंट किया एक पेड़ माँ के नाम पोस्टर



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 23 जून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में एक पेड़ माँ के नाम पर्यावरण संरक्षण महिला सशक्तिकरण महिला सम्मान के लिए पोस्टर सांसद विजय बघेल को भेंट किया गया। उनके निज निवास सेक्टर-5 में यह पोस्टर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अध्यक्ष डॉ विश्वनाथ पाणिग्रही संस्था ग्रीन केयर सोसायटी के द्वारा जन जागरण के साथ पौधारोपण भी कर रही है इस अवसर पर सामाजिक एवं पर्यावरण कार्यकर्ता अत्यधिक संख्या में उपस्थित रहे । प्रधानमंत्री मोदी के एक पेड़ माँ के नाम अभियान से प्रेरित होकर, यह पोस्टर पर्यावरण को बचाने में प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका पर प्रकाश डालती है। सांसद बघेल ने इस अवसर पर कहा कि यह पोस्टर न केवल हमें पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करेगी बल्कि अपनी धरती माँ के प्रति हमारे कर्तव्य को भी याद दिलाएगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि पेड़ों का महत्व सिर्फ पर्यावरण तक सीमित नहीं है, बल्कि वे हमें स्वस्थ जीवन और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक बेहतर भविष्य भी प्रदान करते हैं। जब जलवायु परिवर्तन एक वैश्विक चिंता का विषय बना हुआ है और यह छोटे, लेकिन महत्वपूर्ण कदमों के माध्यम से बड़ा बदलाव लाने की प्रेरणा देती है।

### सहकारिता महोत्सव सहकार सेवा संगम का आयोजन 5 और 6 जुलाई को




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 23 जून।** अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष आयोजन समिति की प्रांतीय बैठक जगन्नाथ मंदिर जगदलपुर में आयोजित किया गया जिसमें में मुख्य रूप से दिनेश कश्यप पूर्व सांसद उपस्थित थे। अध्यक्षता आयोजन समिति के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. लक्ष्मीकांत द्विवेदी ने की। बैठक का संचालन प्रांत महामंत्री करूणानिधि यादव ने किया। बैठक में मुख्य रूप से प्रांतीय संगठन मंत्री हेमन्त पांडे, महिला प्रकोष्ठ प्रमुख प्रिया सिंह, नरसिंह राव उपाध्यक्ष जिला सहकारी संघ जगदलपुर उपस्थित थे। अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस व गोंचा महापर्व के अवसर पर 5 एवं 6 जुलाई को जगदलपुर में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार टाउन हॉल में दो दिवसीय सहकार महोत्सव सहकार सेवा संगम का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। बैठक में वरिष्ठ पार्षद एवं उपाध्यक्ष जिला सहकारी संघ नरसिंह राव, राजेश द्विवेदी, किशोर साहू, उमा गुप्ता, संजय वस्त्रकार, ललन यादव, चंद्र भूषण गुप्ता, लक्ष्मी नाथ नेताम, भूर्णेश पाणिग्रही, सत्येन्द्र सिंह, गणेश यादव, रणजीत पांडे, महेंद्र कश्यप, शंकर लाल देवांगन, टी आर कन्नौजी, पूनम मेश्राम, दीपक मिश्रा, राजू नेताम, आरिया मुखला, निसा बेलम्राम सहित सभी जिला के प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### शासकीय हाई स्कूल नेउरगांवकला में मनाया शाला प्रवेशोत्सव



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 23 जून।** हाई स्कूल नेउरगांवकला में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया और जनप्रतिनिधियों एवं टीचर्स द्वारा बच्चों को तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर अभिनंदन किया गया। हाईस्कूल के प्रांगण में पौधा रोपण किया गया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शपथ जनप्रतिनिधियों, टीचर्स ओर बच्चों के द्वारा ली गई है। शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष केदार पटेल, जनपद सदस्य सुनीता चंद्रवंशी, सरपंच विवेका चंद्रवंशी, पूर्व जनपद सदस्य नरेश चंद्रवंशी, उप सरपंच, खगेश चंद्रवंशी, आशु चंद्रवंशी ओर समस्त टीचर्स और बच्चों की उपस्थिति में योग दिवस ओर शाला प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

# युक्तियुक्तकरण से शिक्षा को मिली नई गति,पालकों का बढ़ा विश्वास

■ **तमनार के प्राथमिक शाला गुड्गुड़ में दिखा सकारात्मक बदलाव**

**रायपुर, 23 जून।** शासन द्वारा शालाओं के युक्तियुक्तकरण की पहल ने एकल व शिक्षक विहीन शालाओं में नए शिक्षकों की पदस्थापना कर शिक्षा व्यवस्था को सशक्त बनाया है। इस पहल से दूरदराज के क्षेत्रों में अब नियमित कक्षाएं संचालित हो रही हैं, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई फिर से गति पकड़ी है। शिक्षकों की उपस्थिति से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार आया है, साथ ही पालकों के चेहरों पर बच्चों के उज्जवल भविष्य के प्रति निश्चित दिखाई दे रहे है।

युक्तियुक्तकरण के पश्चात एकल शिक्षकीय शालाओं को शिक्षक मिलने की खुशी बच्चों के साथ पालकों मे भी साफ दिखाई दे रही है। जिसका स्पष्ट उदाहरण देखने को मिला रायगढ़ जिले के तमनार ब्लॉक के प्राथमिक शाला गुडगुड़ में, जहां युक्तियुक्तकरण पश्चात एक शिक्षिका की पदस्थापना हुई है। जहां वर्तमान में



32 बच्चे स्कूल एवं 05 बच्चे बालवाड़ी में अध्ययनरत है। इस तरह कुल 37 बच्चे अध्यनरत है, लेकिन एक शिक्षक होने से उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। एक शिक्षक द्वारा सभी कक्षाओं में समान समय देना संभव नहीं था, जिससे पढ़ाई की गुणवत्ता भी प्रभावित हो रही थी। लेकिन युक्तियुक्तकरण से सुचारू रूप से सभी कक्षाएं संचालित हो रही है। गांव के श्री रामुदास महंत ने कहा कि युक्तियुक्तकरण पश्चात गांव के स्कूल में शिक्षिका की नियुक्ति हुई है, जिससे उनके साथ पालक भी खुश है, इससे अब बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता में निश्चित ही सुधार होगा। शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष श्री महेंद्र दास महंत ने कहा कि शासन के द्वारा किए गए युक्तियुक्तकरण से क्षेत्र की शालाओं को काफी फायदा हुआ है, नए शिक्षक मिले है। जिसमें उनका गांव का स्कूल भी शामिल है, जो गत दो वर्षों से एकल शिक्षकीय था। वर्तमान में युक्तियुक्तकरण पश्चात एक और शिक्षिका की पदस्थापना हुई है।

## एक नजर

### खाद की कमी पर सियासत, पूर्व कृषि मंत्री रविंद्र चौबे ने भाजपा नेताओं को ठहराया जिम्मेदार

**रायपुर, 23 जून।** छत्तीसगढ़ में खाद की कमी से किसान परेशान हैं. इस मामले में पूर्व कृषि



मंत्री रविंद्र चौबे ने कहा है कि सुशासन की सरकार में किसान हित पर सोचने वाला कोई नेता नहीं है इसलिए खाद और ध्रक्क की कमी से जूझ रहे किसान अब आंदोलन करने की तैयारी में है. मीडिया से चर्चा के दौरान रवींद्र चौबे ने बीजेपी की साय सरकार को जमकर घेरा. उन्होंने प्रदेश में ध्रक्क और खाद की कमी से परेशान किसानों के संकट के लिए सरकार में बैठे नेताओं को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा है कि नेता ये तय ही नहीं कर पाये कि कब बैठक कर व्यवस्था करनी है. आज तक किसानों को ध्रक्क एडवांस में उपलब्ध नहीं कराया गया है, लेकिन आज ध्रक्ककी कलाबाजारी चल रही है. समय रहते किसानों को यदि खाद की उपलब्धता सुनिश्चित नहीं कराई गई तो खरीफ फसलों को भारी नुकसान झेलना होगा. पूर्व कृषि मंत्री रवींद्र चौबे ने कहा, सरकार को खरीफ की तैयारी पहले से करनी थी. मार्कफेड द्वारा फर्टिलाइजर कंपनी को पहले से ऑर्डर दिया जाता है, लेकिन सरकार के नेताओं को यही नहीं पता कि कब बैठक करनी है. पहली बार ऐसा हो रहा है कि बिना डीएपी किसानों ने धान की बोआई की है. चौबे ने कहा, किसान मौसम पर आधारित खेती करते हैं. इसका काम 60 से 65 त्न हो चुका है. सरकार को समझ नहीं आ रहा है कि कब खाद का आर्डर देना था. बीजेपी के सुशासन की सरकार में किसानों के बारे में सोचना वाला कोई नेता नहीं है. यदि सही समय पर खाद और ध्रक्क उपलब्ध नहीं कराया गया तो खरीफ फसलों को भारी नुकसान होगा.

### प्रतिबंधित नशीली टेबलेट के साथ युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रायपुर, 23 जून।** थाना सिविल लाईन क्षेत्रांतर्गत ऑक्सिजोन गार्डन के पीछे पकड़ा गया आरोपी को रंगेहाथ। आरोपी के कब्जे से कुल 180 नग प्रतिबंधित नशीली टेबलेट नाईट्रोसन-10 किया गया है जप्त। जप्त प्रतिबंधित नशीली टेबलेट का खुदरा मुल्य है लगभग 10,000/- रूपये। घटना में प्रयुक्त 01 नग स्मार्टफोन भी किया गया है जप्त। आरोपी के विरूद्ध थाना सिविल लाईन में अपराध क्रमांक 286/25 धारा 22बी नारकोटिक एक्ट का अपराध किया गया है पंजीबद्ध। विवरण -पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज रायपुर श्री अमरेश मिश्रा तथा पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देशानुसार रायपुर पुलिस द्वारा नशे के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट को नशे का काला कारोबार करने वाले कारोबारियों की पतासाजी कर कार्यवाही करने एवं इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। जिस पर समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट की टीम द्वारा मुखबीर लगाकर, पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर नशे का कारोबार करने वाले कारोबारियों के संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है। इसी तारतम्य में दिनांक 21.06.25 को एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई।

### प्रत्येक योजना में समय-सीमा में कार्य पूर्णता और गुणवत्ता बेहद महत्वपूर्णः डॉ आशुतोष

**कोरिया, 23 जून।** जिला पंचायत कोरिया के मंथन कक्ष में आज पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की सभी योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। शासन की सभी योजनाओं में प्रगति की समीक्षा करते हुए जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक प्रगति को लेकर दिशा- निर्देश प्रदान किए। इस अवसर पर उप संचालक पंचायत श्रीमती ऋतु साहू, जिला पंचायत के सभी योजना प्रमुख, जनपद पंचायत बैकुंठपुर और सोनहत के सीईओ, एस डी ओ ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा और सभी ग्राम पंचायतों के सचिव और रोजगार सहायक उपस्थित रहे। मंथन कक्ष में सीईओ जिला पंचायत ने आज प्रधानमंत्री आवास योजना, महात्मा गांधी नरेगा, मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना, 15 वाँ वित्त योजना, शिक्षा विभाग के मरम्मत कार्य, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण, जिला पंचायत विकास निधि, महतारी सदन निर्माण कार्य, आर जी एस ए एवं क्षमता विकास अंतर्गत जिले में हो रहे प्रत्येक कार्य की जनपद पंचायत वार समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने कहा कि प्रत्येक योजना में समय सीमा का विशेष रूप से ध्यान रखें और मानक अनुसार गुणवत्तापूर्ण कार्य कराना सुनिश्चित करें। प्रधानमंत्री आवास योजना में स्वीकृति प्रदान करने, गैप को कम करने, हितग्राहियों को समय पर किश्तों का आबंटन करने हेतु जीओ टैग करने के निर्देश देते हुए कहा कि जिन हितग्राहियों को आवास स्वीकृत किए गए हैं और वह ग्राम पंचायतों में नहीं रह रहे हैं।

## ओटीपी,फिंगरप्रिंट मैच न करने से

# सरकारी राशन लेने में लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा




**गरियाबंद, 23 जून।** छत्तीसगढ़ सरकार के चावल उत्सव के बीच गरियाबंद के लोगों को सरकारी राशन लेने के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. चावल तिहार में राशन कार्ड धारकों को 3 महीने का चावला एक साथ दिया जा रहा है. राशन दुकान खुलते ही भगदड़ मच रही है. भीड़ में कई लोग कुचले जा रहे हैं. इस बीच टेक्निकल समस्याओं के कारण लंबी कतारें लग रही है, जिससे एक दिन में कुछ ही लोगों को राशन वितरण हो पा रहा है.

स्थिति इतनी अनयंत्रित हो रही है कि राशन दुकानदार दरवाजा भी नहीं खोल पा रहा है. राशन लेने के लिए पहुंच रहे उपभोक्ताओं ने बताया कि शासकीय राशन दुकानों पर सर्वर डाउन, ओटीपी जनरेट न होने और फिंगरप्रिंट जैसी समस्यों के कारण लंबी कतारें लग रही हैं. एक दिन में राशन विक्रेता केवल 20 से 25 उपभोक्ताओं को ही राशन दे पा रहे हैं, जिससे वितरण व्यवस्था लगभग ठप हो गई है. लोग सुबह से कतार में खड़े हैं, लेकिन उन्हें राहत नहीं मिल पा रही है.

उपभोक्ताओं का कहना है कि वे एक हफ्ते से आ रहे हैं, लेकिन अबतक राशन नहीं मिल पाया है. राशन पाने की जल्दी में धक्का-मुक्की और झगड़े की नौबत आ रही है. महिला, बुजुर्ग और बच्चे इस अफरा-तफरी का सबसे अधिक शिकार हो रहे हैं. स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए कई स्थानों पर पुलिस प्रशासन को हस्तक्षेप करना पड़ा है. उन्होंने कहा कि इस समस्या को दूर की जाए, सैल्समैन की संख्या बढ़ाई जाए या फिर वार्डवार राशन का वितरण हो. राशन लेने पहुंची महिला का कहना है कि अगर राशन हर दिन और 10 बजे की बजाए जल्दी खुले तो कुछ राहत मिल सकेगी.

## मंयक ने नीट परीक्षा की पास,जिपं अध्यक्ष किरण वैष्णव ने दी बधाई



■ **तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**छुरिया, 23 जून।** नगर पंचायत छुरिया निवासी मंयक साहु पिता प्रेम साहू हायर सेकेंड्री स्कूल बखरूटोला शिक्षक, माता जानकी साहू हाई स्कूल शिकारीमहका शिक्षक है। जो नीट की परिक्षा में 720/601 अंक प्राप्त कर जी मेन्स में 99.19 पर्सेंट अंक प्राप्त कर नीट किल्यर की है। जिला पंचायत अध्यक्ष मती किरण रविन्द्र वैष्णव आज उनके निवास पहुंचर उन्हें व उनके माता-पिता को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मती वैष्णव ने बताया कि मंयक साहु पूरी भारत में 1279 रैंक प्राप्त किया है।जो राजनांदगांव जिले के लिए व गांव के लिए गौरव का क्षण है। मंयक साहु 11 वी 12वीं का अध्ययन करते हुए नीट की परीक्षा पास की है?। साथ ही 12वी में भी 93त्न अंक प्राप्त किए हैं। मंयक साहु राजस्थान के कोटा में रहकर शिक्षा अध्ययन कर नीट के परीक्षा क्लियर कर सभी को गौरवान्वित किया है। जिला पंचायत अध्यक्ष मती किरण रविन्द्र वैष्णव ने मंयक साहु को ह्रश्वश्वञ्ज 2025 में शानदार सफलता प्राप्त करने पर बधाई और अनंत शुभकामनाएँ दी।और मती वैष्णव ने कहा कि आपकी अथक मेहनत, अटूट समर्पण और दृढ़ संकल्प ने आज आपको इस गौरवमयी उपलब्धि तक पहुँचाया है। यह सफलता केवल आपके लिए ही नहीं, बल्कि आपके परिवार, समाज और पूरे गांव के लिए गर्व का क्षण है। आपका यह सफर अब मानवता, सेवा और समर्पण के पथ पर एक नई शुरुआत है। चिकित्सा के क्षेत्र में पहले कदम की इस शानदार जीत के लिए बधाई और आपके उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ।

## भंडारपुर बूथ में मनाया गया श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस



■ **तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**छुरिया, 23 जून।** जिला पंचायत अध्यक्ष मती किरण रविन्द्र वैष्णव की उपस्थिति में आज ग्राम भंडारपुर बुथ में भाजपा के संस्थापक डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि 23 जून को बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया।इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष मती किरण वैष्णव व जिला भाजपा महामंत्री रविन्द्र वैष्णव शामिल हुए।व डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मती किरण वैष्णव ने कहा कि आज श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस है और हमें यह खुशी है कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कहा था कि कश्मीर हमारा है और कश्मीर में एक विधान एक निशान और एक प्रधान होना चाहिए. देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धारा 370 हटाकर वह सब कुछ कर दिया, जो श्यामा प्रसाद मुखर्जी की इच्छा थी. उन्होंने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान व्यर्थ नहीं गया, जो वह चाहते थे।

## चिरायु योजना से सुरेखा को मिला नया जीवन गंभीर ह्रदय रोग से उबरी बालिका

**रायपुर, 23 जून।** शासन की महत्वाकांक्षी चिरायु योजना एक बार फिर जरूरतमंद बच्चों के लिए संजीवनी साबित हुई है। बलरामपुर जिले के ग्राम महाराजगंज की रहने वाली छोटी बच्ची सुरेखा को गंभीर हृदय रोग से जूझने के बाद अब नया जीवन मिला है। स्वास्थ्य शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने सुरेखा की पूर्णतः स्वस्थ होने की पुष्टि की है। सुरेखा के हृदय में जन्म से ही छेद था, जिसकी पहचान स्कूल में आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के दौरान हुई। इस जानकारी से सुरेखा के माता-पिता बेहद चिंतित हो गए, लेकिन चिरायु योजना ने उनके लिए उम्मीद की किरण दिखाई। योजना के तहत सुरेखा को श्री सत्य साईं अस्पताल रायपुर में भेजा गया, जहां उसका निःशुल्क सफल ऑपरेशन किया गया। इस दौरान समस्त जांच, सर्जरी, दवाइयां और देखभाल का खर्च योजना से ही उपलब्ध हुआ। दो दिवसीय वृहद स्वास्थ्य शिविर में जब सुरेखा को पुनः परीक्षण हेतु लाया गया, तो सत्य साईं अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने उसे पूरी तरह से स्वस्थ घोषित किया और स्वास्थ्य प्रमाण पत्र भी प्रदान किया। सुरेखा के पिता श्री कुन्दलेश ने भावुक होकर बताया कि आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वे बेटी का इलाज बड़े शहर में नहीं करवा सकते थे।

## श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर भाजपा ने मनाया बलिदान दिवस

■ **महिलाओं ने थामा भाजपा का दामन**

**रायपुर, 23 जून।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक व देश के पहले उद्योग मंत्री डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर भारतीय जनता पार्टी रायपुर जिला इकाई ने बलिदान दिवस के रूप में कार्यक्रम आयोजित किया। शारदा चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि सभा का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, दक्षिण विधायक सुनील सोनी, उद्योग विभाग के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, प्रदेश मंत्री किशोर महानंद, व अन्य वरिष्ठ नेता, पार्षद और कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा जवाहर नगर मंडल के तत्वावधान में किया गया। इस अवसर पर गांव की कई महिलाओं ने भाजपा की नीति-रीति से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ली। विधायक व नेताओं ने उन्हें गमछा पहनाकर स्वागत किया। इससे पहले मंडल अध्यक्ष संदीप जघेल व अन्य कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। राजीव अग्रवाल ने कहा, ÷हमारी डबल इंजन सरकार, डॉ. मुखर्जी के बताए रास्ते पर प्रदेश को विकास की ओर ले जा रही है किशोर महानंद बोले, ÷डॉ. मुखर्जी ने कश्मीर के लिए बलिदान दिया। धारा 370 के खिलाफ आवाज उठाकर देश की एकता को मजबूत किया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का बलिदान देश की अखंडता और संप्रभुता के लिए मील का पत्थर है। कश्मीर में एक देश, दो विधान, दो निशान का विरोध करने वाले डॉ. मुखर्जी ने देश की एकता के लिए जान की बाजी लगा दी।

# सोसाइटी में लगा सूचना पटल गिरने से 5 साल के बच्चे की दर्दनाक मौत

■ **कार्य एजेंसी की लापरवाही से गई छै साल के बच्चे की जान**

■ **छह साल के बच्चें के हिलाने से गिरा सुचना पटल इतना घटिया निर्माण कार्य**

■ **तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**





**छुरिया, 23 जून।** ग्राम सड़क चिरचारी में आज सुबह लगभग 11 बजें 5 साल के एक बच्चे की सूचना पटल के गिरने से दबकर मौत हो गई। मौके पर मुआईना करने से पता चलता है कि इस ईंट से बने सूचना पटल के निर्माण में बरती गई लापरवाही का नतीजा है। जैस कि मिली जानकारी के अनुसार रविवार सुबह सड़क चिरचारी के धान खरीदी केन्द्र की दीवाल में इंट से चिपका कर बनाये गये सूचना पटल के गिरने से युवांश निषाद पिता नरेन्द्र निषाद नाम के 5 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। यह सूचना पटल ग्राम के पूर्व सरपंच के कार्य एजेंसी 15 वें वित्त से हैंडपंप खनन की सूचना के 15 दिन पहले ही बनाया गया था और रविवार को वह सूचना पटल पूरा का पूरा नीचे गिर गया और बच्चे की मौत का कारण बन गया। परिजनों ने बताया कि बच्चे को तुरंत अपने निजी वाहन से चारभांठा के अस्पताल में ले जाया गया, रविवार होने के कारण अस्पताल बंद था जिसके कारण वहां सीधा राजनांदगांव ले जाना पड़ा इधर उधर की भागदौड़ के कारण शायद बच्चे को मौत होने से नहीं बचाया जा सका यदि चारभांठा का अस्पता खुला होता तो शायद प्राथमिक उपचार होने से एक बार बच्चे की मौत नहीं होती।

## समाचार संक्षेप



### स्कूली बच्चे ज्वलंत सामाजिक मुद्दों से जुड़कर दे रहे अपने विचारों को सकारात्मक दिशा

**रायपुर 23 जून।** रायपुर, 23 जून। स्कूली बच्चों को सम समायिक ज्वलंत सामाजिक मुद्दों से जोड़ने और उनके विचारों को साकारात्मक दिशा देने के लिए जिला प्रशासन और युनिसेफ की पहल पर व्यवहार कार्नर स्थापित किया गया है। जशपुर जिले में 'रूप नहीं गुण' कार्यक्रम के अंतर्गत शुरू की गई है। इसके अंतर्गत ग्राम बस्ता में व्यवहार कार्नर का संचालन किया जा रहा है। जिला प्रशासन, और यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में चलाए जा रहे इस नवाचारी पहल का उद्देश्य बच्चों को उनके अधिकारों, सामाजिक मुद्दों और व्यवहार परिवर्तन संबंधी विषयों पर संवाद और क्रियाशीलता हेतु मंच प्रदान करना है। यहां 25 से अधिक बच्चे नियमित रूप से बैठकें कर बाल विवाह, नशा मुक्ति, साइबर सुरक्षा, शिक्षा, स्वच्छता और सोशल मीडिया के प्रभाव जैसे ज्वलंत मुद्दों पर विचार-विमर्श करते हैं तथा गांव में जागरूकता अभियान चलाते हैं। यूनिसेफ परियोजना के जिला समन्वयक श्री तेजराज साहू ने बताया कि यह पहल बच्चों को समाज के प्रति संवेदनशील एवं जागरूक नागरिक बनाने की दिशा में एक प्रेरणादायक प्रयास है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि कलेक्टर श्री रोहित व्यास के मार्गदर्शन में जिले में कुल 10 व्यवहार कॉर्नर स्थापित किए जा रहे हैं। समग्र शिक्षा के जिला शिक्षा अधिकारी श्री नरेंद्र कुमार सिंह ने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे जिले के लिए एक अनुकरणीय पहल बताया।

### रजनीश दिव्य ध्यान योग संस्थान ने किया योग कार्यक्रम का आयोजन



**रायपुर, 23 जून।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के अवसर पर रजनीश दिव्य ध्यान योग संस्थान द्वारा नया रायपुर स्थित सेंट्रल पार्क में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें संस्था के सदस्यों के अलावा पार्क में आए हुए और भी गणमान्य नागरिकों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया द्य संस्था के अध्यक्ष स्वामी आनंद रूपम जी ने योग के महत्व को बताते हुए बहुत ही सरल ढंग से सभी को योग आसन एवं प्राणायाम करवाया द्य इस अवसर पर इस कार्यक्रम के संयोजक प्रेमप्रकाश गजेन्द्र संस्था के सचिव जागेश्वर साहू, उपाध्यक्ष आशीष जिंदल तथा अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

### विकसित भारत का अमृत काल बेमिसाल 11 साल कार्यक्रम आयोजित



**रायपुर, 23 जून।** विकसित भारत का अमृत काल बेमिसाल 11 साल कार्यक्रम के अंतर्गत संकल्प से सिद्धि चौपाल संवाद कार्यक्रम का आयोजन गुरूगोंविद सिंह वार्ड क्रमांक 29 के शक्ति केन्द्र क्र. 2 में सम्पन्न हुआ। जिसमें मंडल के कार्यक्रम प्रभारी नरेन्द्र निर्मलकर मुख्य वक्ता मंडल के महामंत्री हरिवंश वर्मा वार्ड शक्ति केन्द्र कार्यक्रम प्रभारी प्रकाश सिंहा, मति मीना सेन महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा महामंत्री मति गायत्री चंद्राकर गनु बाला जय कुमार डे, झरना मंडल, चमेली साहूं , हिराबाई साहू, मानबाई साहू केशरी साहू, सरिता दिवान मालती साहूं रमला निर्मलकर दुकलहिन दिवान, चम्पा राजपूत सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मातृशक्ति गण उपस्थित थे।

### प्रदेश के शिक्षक काली पट्टी बांधकर स्कूलों में कर रहे हैं प्रदर्शन




■ **युक्तियुक्तकरण की आड़ में किया गया 2008 सेटअप के साथ छेड़छाड, शिक्षकों ने किया विरोध**

**मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, 23 जून।** युक्तियुक्तकरण की आड़ में सेटअप 2008 के साथ छेड़छाड़ के विरोध में शिक्षकों ने स्कूलों में काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया जा रहा है, स्कूल खुलते ही पहले दिन से ही शिक्षकों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। इनका प्रदर्शन 30 जून 2025 तक जारी रहेगा, शिक्षकों की मांगों में युक्तियुक्तकरण रद्द करना, एरियर्स सहित क्रमोन्नत वेतनमान, प्रथम सेवा गणना कर पुरानी पेंशन का लाभ एवं पदोन्नति में बी. एड. की अनिवार्यता खत्म करना शामिल है। शिक्षक साझा मंच छत्तीसगढ़ के प्रदेश संचालक- शंकर साहू ने जानकारी देते हुए कहा कि प्रदेश संचालक व अन्य 22 प्रदेश संचालकों के मार्गदर्शन में स्कूल खुलने के पहले ही दिन से मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिला सहित प्रदेश के शिक्षकों द्वारा अपने-अपने स्कूलों में ही काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। प्रांतीय उपसंचालक- भूपेंद्र साहू, तेजराम कामाड़िया,जिला संचालक- मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी राजकुमार सरजारे, जशपुर जिला संचालक- महेश यादव, मुंगेली जिला संचालक- राजकुमार धृतलहरे, कोंडागांव जिला संचालक- सुरेश कुमार बेर, दुर्ग जिला संचालक-कीर्तिमान कामड़े ने बताया कि शिक्षक साझा मंच का सांकेतिक विरोध प्रदर्शन जारी है, शिक्षक साझा मंच छत्तीसगढ़ के प्रदेश संचालक- मनीष मिश्रा, केदार जैन, वीरेंद्र दुबे, संजय शर्मा, विकास राजपूत, कृष्ण कुमार नवरंग, राजनारायण द्विवेदी, जाकेश साहू, भूपेंद्र सिंह बनाफर,भूपेंद्र गिलहरे, चेतन बघेल, गिरीश केशकर, लैलून भारद्वाज, प्रदीप पांडे, प्रदीपलहरे, राज किशोर तिवारी, कमल दास मूरचूले, प्रीतम कोशले, विक्रम राय, विष्णु प्रसाद साहू, धरमदास बंजारे एवं अनिल कुमार टोप्पो ने कहा कि प्रदेश भर में 16 जून से 30 जून तक सभी स्कूलों में प्रवेश उत्सव समारोह में आए हुए ग्रामीण जन, गांव के पंच, सरपंच गण, जनपद सदस्यगण, जिला पंचायतगण, सदस्य, पालक समिति एवं विद्यालय प्रबंधन समिति को सभी शिक्षकों द्वारा राज्य सरकार की शिक्षा और शिक्षक विरोधी कार्यो को बताया जाएगा।

## संपादकीय

# सोच समझ कर लें अहम फैसले

सरकार व सरकारी संस्थाओं को कोई भी अहम फैसला बहुत सोचसमझ कर लेना चाहिए क्योंकि उससे संस्था की नीति के साथ ही नीयत भी उजागर होती है। फैसला जल्दी व सोचसमझ कर नहीं लिया जाता है तो उसका विरोध होता है और विरोध के चलते सरकार व सरकारी संस्थाओं को अपना फैसला वापस लेना पड़ता है। सरकार व सरकारी संस्थाएं जब अपना फैसला वापस लेती है तो उससे साबित होता है कि उन्होंने जल्दी में या अपितु किसी और कारण से यह फैसला किया था। इससे उनकी छवि तो धूमिल होती है, सरकार की छवि भी धूमिल होती है कि सरकार को बिना बताए इस तरह के फैसले कैसे लिए जा रहे हैं। हाल ही में दो सरकारी संस्थाओं ने ऐसे फैसले लिए और उनको फैसले बदलने पड़े या स्थगित करने पड़े। हाल ही में चिकित्सा शिक्षा विभाग की ओर मीडिया मैनेजमेंट प्रोटोकाल जारी किया गया था।इस आदेश के अनुसार सरकारी मेडिकल कॉलेजों व अस्पतालों में मीडिया से बातचीत के लिए एक नियंत्रित प्रक्रिया तय करने के निर्देश दिए गए थे। इसका मकसद मीडिया को नियंत्रित करना था यानी मीडिया को जितना बताया जाए, वह उतना ही छापे। अपनी तरफ से वह अस्पताल भीतर जाकर खोजबीन कर कोई खबर न छापे। स्वाभाविक है कि मीडिया को इसका विरोध करना था, मीडिया ने विरोध किया तो यह आदेश स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने स्थगित कर दिया है। अच्छा तो यह होता कि स्वास्थ्य मंत्री इस आदेश को वापस लेते। इससे पहले राज्य लघुवनोपज सहकारी संघ ने तेंदूपत्ता संग्राहक परिवार के प्रतिभाशाली बच्चों के लिए बनाई गई शिक्षा प्रोत्साहन  योजना की शर्त में बदलाव कर दिया था। इस योजना के लाभ के लिए छात्र-छात्राओं को 75 प्रतिशत लाने होते थे, राज्य लघुवनोपज सहकारी संघ ने इस बढ़ाकर 90 प्रतिशत कर दिया था। आदिवासी क्षेत्रों में इसका विरोध हुआ कि क्षेत्र में बच्चों के लिए 75 प्रतिशत लाना मुश्किल होता है,वह 90 प्रतिशत कैसे ला पाएंगे तो इस फैसले को बदलकर फिर से 75 प्रतिशत किया गया। लोकतंत्र में कोई भी फैसला सभी से विचारविमर्श कर लेना चाहिए।

## राशिफल

मेष आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में बेहतर रहने वाला है। आपको किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह पर चलना बेहतर रहेगा। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को अपने साथी की याद सता सकती हैं व घूमने फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आप अपने आर्थिक मामलों को मिल बैठकर निपटाने की कोशिश करेंगे, जिससे आप अपने कुछ कर्जा को भी आसानी से उतार सकेंगे। परिवार में किसी पार्टी का आयोजन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा।

वृषभ आज का दिन आपके लिए बुद्धि व विवेक से निर्णय लेने के लिए रहेगा। आप दूसरों के मामलों में बेवजह न बोलें। प्रेम जीवन जी रहे लोग काफी रोमांटिक मूड में रहेंगे और साथी को कहीं घूमाने-फिराने लेकर जा सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आप अपनी सभी कर्मियों को दूर करने की कोशिश करेंगे। परिवार के सदस्यों के साथ आप किसी यात्रा पर जाने की तैयारी कर सकते हैं। आपको किसी सामाजिक सम्मेलन में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

मिथुन आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। शेयर मार्केट से जुड़े लोग अच्छी मात्रा में धन लगा सकते हैं। आपने अगर किसी काम को लेकर गलती की है, तो आप उसके लिए तुरंत माफी मांग लें। आपके काम में भी काफी रुचि बनी रहेगी। भाई-बहनों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा आपको किसी काम को लेकर योजना बनाकर चलने की आवश्यकता है।

कर्क आज का दिन आपके लिए चुनौतियों भरा रहने वाला है। विद्यार्थियों को आपकी मेहनत का पूरा फल मिलेगा। परिवार का कोई सदस्य नौकरी को लेकर कहीं बाहर जा सकता है। आप अपने बिजनेस में चल रही योजनाओं के उतार-चढ़ाव को लेकर परेशान रहेंगे। किसी सदस्य के विवाह के बात पक्की हो सकती है। आपको किसी बात को लेकर बेवजह परेशान न हों। वैवाहिक जीवन में आपको आपसी सामंजस्य बनाए रखने की आवश्यकता है।

सिंह आज का दिन आपके लिए आय को बढ़ाने वाला रहेगा। आप किसी काम को लेकर यदि परेशान चल रहे हैं, तो उसके लिए जीवनसाथी से बातचीत कर सकते हैं। आप भविष्य को लेकर कोई बड़ा इन्वेस्टमेंट करने की सोचेंगे। आपको अपनी वाणी और व्यवहार पर थोड़ा संयम रखने की आवश्यकता है। यदि आपको कोई जिम्मेदारी मिलें, तो आप उससे बिल्कुल पीछे न हटें। आपके धन-धान्य में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

कन्या आज का दिन आपके लिए लेनदेन के मामले में सावधान रहने के लिए रहेगा। आप किसी को धन उधार देने से बचें। किसी कानूनी मामले में आपका अच्छा खासा खर्च करने के बाद ही निपटारा होता दिख रहा है। कारोबार में आप अपनी योजनाओं को लेकर बातचीत कर सकते हैं। परिवार के सदस्यों की जरूरतों पर आपको पूरा ध्यान देना होगा। आपकी रचनात्मक क्षमता बढ़ेगी। दोस्तों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। मामा पक्ष से आपको धन लाभ मिलता दिख रहा है।

तुला आज का दिन आपके लिए धार्मिक कार्यक्रमों से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। आपको किसी पुरानी गलती से आपको सबक लेने की आवश्यकता है। आपको कोई बड़ा जोखिम लेने से बचना होगा। कार्यक्षेत्र में आपके कामों की सराहना होगी और आपके साथी आपके लिए कोई पुरस्कार भी दे सकते हैं। आपको अपनी संतान की संगति पर विशेष ध्यान देना होगा। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आपको थोड़ा तालमेल बनाकर चलने की आवश्यकता है। रोजगार की तलाश में  भटक रहे लोग अपनी मेहनत से एक अच्छा मुकाम हासिल कर सकते हैं।

वृश्चिक आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। मार्केटिंग से जुड़े लोगों को अच्छा फायदा मिल सकता है। आप किसी को बिना मांगे सलाह देने से बचे। पारिवारिक मामलों में आपको थोड़ा ध्यान रखने की आवश्यकता है। आपके आसपास में कोई वाद-विवाद की स्थिति उत्पन्न हो, तो आप उसमें चुप रहें। भगवान के भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। माता जी का कोई पुराना रोग उभर भर सकता है। दोस्तों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा।

धनु आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए काम को पूरा करने के लिए रहेगा। कारोबार में आपको अच्छी सफलता मिलेगी। आपको किसी सामाजिक सम्मेलन में सम्मिलित होने का मौका मिल सकता है। आप अपने जीवनसाथी से काम को लेकर कोई भी बात गुप्त ना रखें, जो लोग विदेश जाने की योजना बना रहे थे, तो उन्हें कोई ऑफर आ सकता है। आपको किसी काम को लेकर यदि टेंशन बनी हुई थी, तो वह भी काफी हद तक दूर होती दिख रही है।

मकर आज का दिन आपके लिए बढ़ते खर्चों पर लगाम लगाने के लिए रहेगा। आपकी आय के सोर्स बढ़ेंगे, लेकिन आप अपने पारिवारिक बिजनेस को लेकर परिवार में किसी बड़े सदस्य से बातचीत कर सकते हैं। यदि आपका कोई कानूनी मामला आपको परेशान कर रहा था, तो आपको उसकी कानूनी राय लेनी होगी। परिवार में किसी सदस्य के विवाह की बात पक्की हो सकती है। नौकरी में आपको परमिशन मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपको अपनी सेहत को लेकर थोड़ा सतर्क रहना होगा।


कुंभ आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपके कामों में कुछ बाधाएं उत्पन्न हो सकती हैं, जिन्हें आप दूर करने की कोशिश करेंगे। आपको अपने खान-पान पर पूरा परहेज रखना होगा। वरिष्ठ सदस्यों का आपको भरपूर मात्रा में सहयोग मिलेगा। माता पिता से आपको आशीर्वाद लेकर घुमने जाना आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आपके कुछ लंबे समय से रुके हुए काम पूरे हो सकते हैं। सरकारी योजनाओं का आपको पूरा लाभ मिलेगा। बिजनेस में आपको मन मुताबिक लाभ मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

मीन आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आपको एक के बाद एक खुशखबरी सुनने को मिलेगी और आपकी आय भी बढ़ेगी। भाग्य का भी आपको पूरा साथ मिलेगा। यदि आप किसी प्रॉपर्टी की खरीदारी करने के लिए सोच विचारकर रहे हैं, तो आपकी वह इच्छा भी पूरी हो सकती है। जीवनसाथी आपको कोई सरप्राइज गिफ्ट दे सकते हैं। आप किसी दूसरे के मामले में ज्यादा ना बोलें। यदि आप किसी यात्रा का जाएं, उसमें आपको वाहन बहुत ही से सावधानी से चलाने की आवश्यकता है, नहीं तो कोई दुर्घटना हो सकती है।

युद्ध

# क्या नरसंहार की इबारत लिखने वाले देश तय करेंगे कि परमाणु शस्त्र कौन रखे ?

तनवीर जाफ़री



इस्राईल -ईरान के बीच छिड़े आधुनिक युद्ध ने पूरे विश्व को स्तब्ध व चिंतित कर दिया है। इस्राईल गत कई वर्षों से ईरान को युद्ध में खींचने की पूरी कोशिश कर रहा था परन्तु ईरान सीधे युद्ध में कूदने से बचता आ रहा था। परन्तु गत 13 जून को इस्राईल ने ईरान पर एक बड़ा हवाई हमला कर दिया। इस हमले के कुछ ही समय बाद इस्राईली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने अपने एक टी वी प्रसारण में इस हमले को उचित ठहराते हुये ईरान पर परमाणु बम बनाने का प्रयास करने का आरोप लगाया और अपनी चिंता दोहराई कि ईरान का परमाणु बम इस्राईल को नष्ट कर सकता है। इस्राईल ने ईरान के कई परमाणु वैज्ञानिक और शीर्ष सेना कमांडर भी मार दिये। इस्राईल ने 13 जून को ईरान पर हमला उस समय किया जबकि दो दिन बाद ही यानी 15 जून को ईरान और अमरीका के मध्य परमाणु समझौता होने की तारीख़ तय थी और यह समझौता किसी निष्कर्ष पर पहुँचने की उम्मीद भी की जा रही थी। परन्तु इस्राईल ने समझौते के पहले ही हमला कर ईरान को बड़ा धोका दे दिया। इस्राईली हमले के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी यह कहकर सबको चौंका दिया कि उन्हें इस हमले की पहले से जानकारी थी और इस हमले में कई ईरानी कट्टरपंथी (परमाणु वार्ताकार ) मारे गए हैं। उन्होंने ईरान को चेतावनी दी कि अगर वह समझौता नहीं करता, तो और बड़े हमले झेलने पड़ सकते हैं। यही नहीं बल्कि ट्रंप ने इस्राईल की पीठ थपथपाते हुये इस्राईली हमलों को "शानदार" बताया और कहा कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने की इच्छा छोड़नी होगी। साथ ही ट्रंप ने अमेरिका को  इस्राईल का सबसे बड़ा सहयोगी भी बताया। साफ़ है ईरान पर इस्राईल द्वारा धोखे से किये गये इस हमले का अमेरिका भी बराबर का साझीदार है। अब ज़रा 2003 के उस दौर को भी याद कीजिये जब इराक़ में सद्दाम हुसैन के शासनकाल में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू. बुश प्रशासन, ने यह दावा किया था कि सद्दाम हुसैन के पास रासायनिक, जैविक और संभवतः परमाणु हथियार भी हैं जो वैश्विक सुरक्षा के लिए ख़तरा हो सकते हैं। यह दावा ख़ुफ़िया जानकारी पर आधारित बताया गया था। इसी 'ख़ुफ़िया जानकारी' को बहाना बनाकर अमेरिका ने "ऑपरेशन इराक़ी ीडम" के नाम से इराक़ पर बड़ी सैन्य कार्रवाई की और इराक़ को तबाह कर के छोड़ा। यहाँ तक कि स्थानीय अदालत का गठन कर सद्दाम हुसैन को फांसी पर चढ़ा दिया। इराक़ में सत्ता परिवर्तन के बाद वहां रासायनिक, जैविक और सामूहिक विनाश के



हथियार होने की जानकारी ग़लत साबित हुई। वहां ऐसे हथियार होने के कोई सबूत नहीं मिले। जगज़ाहिर है कि अमेरिका द्वारा इराक़ पर सैन्य कार्रवाई वहां के तेल संसाधनों पर नियंत्रण और मध्य पूर्व में अमेरीकी सामरिक प्रभाव बढ़ाने की इच्छा के तहत की गयी । इराक़ की तबाही व सत्ता परिवर्तन के बाद अमेरिका ने यह तर्क भी दिया था कि सद्दाम हुसैन का तानाशाही शासन इराक़ी जनता और क्षेत्रीय स्थिरता के लिए हानिकारक था।बहरहाल आज वही अमेरिका जिसने केवल इराक़ ही तबाह करने की कोशिश नहीं की बल्कि वह जापान पर  6 और 9 अगस्त 1945 को परमाणु बम गिराने का भी गुनहगार है.वह अमेरिका जो कोरिया,ग्वाटेमाला, इंडोनेशिया, क्यूबा, कांगो, लाओस, वियतनाम, कंबोडिया, ग्रेनेडा,लेबनान,सीरिया,लीबिया,अल साल्वाडोर, निकारागुआ,ईरान(1987) पनामा,इराक़,कुवैत, सोमालिया,बोस्निया,सूडान,अफ़ग़ानिस्तान,योगोस्लाविया जैसे देशों पर हमले करने व वहां की सत्ता को अस्थिर करने का ज़िम्मेदार हो, क्या वह अमेरिका तय करेगा कि किस देश को परमाणु शस्त्र रखना चाहिए और किसे नहीं ?  या फिर फ़िलिस्तीन की ज़मीन पर अमेरिका ब्रिटेन की शह पर क़ब्ज़ा जमाये बैठा वह अवैध देश इस्राईल जिसपर ग़ज़ा में लगभग 82,000 लोगों को मारने व  लगभग 20 लाख लोगों को बेघर कर क्षेत्र में मानवीय संकट खड़ा का आरोप है वह तय करेगा कि परमाणु शस्त्र किसे रखना चाहिए और किसे नहीं? जो देश स्वयं पूरे विश्व में अस्थिरता फैलाने,क्षेत्रीय संघर्ष भड़काने,शस्त्रों के व्यवसाय तथा तेल जैसी सम्पदा पर गिद्ध दृष्टि रखते हों पड़ोसी देशों में फूट डलवाकर युद्ध भड़काना ही जिनका वयवसाय बन चुका हो वह देश कैसे निर्धारित कर सकते हैं कि परमाणु शस्त्र किसे रखना चाहिये किसे नहीं ?   आज विश्व में जिनदेशों के पास परमाणु शस्त्र हैं उनमें सबसे बड़ा ज़ख़ीरा संयुक्त राज्य अमेरिका के पास है। इसके अतिरिक्त रूस,चीन,ांस, यूके (ब्रिटेन), इस्राईल,उत्तर कोरिया,भारत व पाकिस्तान जैसे देश भी परमाणु शस्त्र धारक देशों में गिने जाते हैं। बावजूद इसके कि ईरान अभी तक यह कहता आया है कि उसके द्वारा किया जा रहा परमाणु संवर्धन उसकी ऊर्जा सम्बन्धी ज़रूरतों को पूरा करने जैसे शांतिपूर्ण कार्यों के लिये है। फिर भी यह क्यों ज़रूरी नहीं कि मानवता का सबसे बड़ा हत्यारा देश इज़राईल जो भूखे,निहत्थे बच्चों व बुज़ुर्गों औरतों का लगातार नरसंहार करता आ रहा,जो अपनी सैन्य शक्ति और अमेरिका की शह के बल पर अपने क़ब्ज़े की ज़मीन का लगातार विस्तार करता जा रहा हो जो उसे पनाह देने वाले देश फ़िलिस्तीन के लोगों को ही उनकी मातृभूमि से बेदख़ल करने की साज़िश रच रहा हो,जो अमरीका के इशारे पर पूरे मध्य एशिया में फूट डालने वाली राजनीति कर रहा हो आख़िर क्षेत्रीय संतुलन बनाने के लिये उसके सामने ईरान जैसे  देश का डटकर खड़ा होना ज़रूरी क्यों नहीं ? क्या इस पूरे मध्य क्षेत्र को अमेरिका इस्राईल के रहम-ो-करम पर जीने के लिये छोड़ देना चाहिये? ताकि जब चाहें और जिस देश को चाहें ग़ज़ा,यमन व लेबनान बना सकें ? निश्चित रूप से युद्ध से बुरी कोई स्थिति नहीं होती। हमेशा इस त्रासदी का शिकार बेक़ुसूर महिलाएं,बच्चे व बुज़ुर्ग होते आये हैं। युद्ध से मानवता आहात होती है। सही मायने में तो पूरे विश्व को ही न केवल परमाणु शस्त्र मुक्त बल्कि पूरा विश्व निःशस्त्र भी होना चाहिये। परन्तु अमेरिका इज़राईल जैसे देशों द्वारा जब अपनी ताक़त का दुरूपयोग दशकों से किया जाता रहा हो और यह सिलसिला लगातार बढ़ता जा रहा हो ऐसे में इन्हें 'वाक ओवर' देने के बजाये इनके सामने अपने स्वाभिमान के लिये संकल्पबद्ध होकर खड़े होना कौन सा जुर्म है ? अमेरिका व इस्राईल के सामने ईरान के सिर उठाकर खड़े होने जैसे फ़ौलादी इरादों की आज दुनिया सराहना कर रही है। परन्तु यह देश आज कभी ईरान के निष्कासित रज़ा शाह पहलवी के पुत्र के काँधे पर सवार होकर तो कभी भीतरी फूट डालकर कभी मोसाद का इस्तेमाल कर ईरान को अस्थिर करने की पुरज़ोर कोशिश में लगा है। इनकी गिद्ध दृष्टि इस बात पर टिकी है कि किसी तरह वर्तमान संकल्पवान व स्वाभिमानी ईरानी सत्ता को बेदख़ल कर अपनी पिट्ठू सरकार बनाई जाये और ईरान को अस्थिर कर यहाँ भी मनमर्ज़ी से तेल दोहन किया जा सके। परन्तु शहादत को अपना आभूषण समझने व दास्तान ए करबला से प्रेरणा लेना वाला यह देश अमेरिका व इज़राईल की घुड़कियों को कुछ भी नहीं समझ रहा। क्या ईरान को आत्मरक्षा का अधिकार नहीं ? क्या नरसंहार की इबारत लिखने वाले देश ही यह तय करेंगे कि परमाणु शस्त्र कौन रखे और कौन न रखे ?

# एक दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना और अनेक सपनों -संभावनाओं की असमय मौत

मनोज कुमार अग्रवाल



एक बड़ा हादसा न जाने कितने जीवन उनके सपने उनके परिवारों की खुशियों को एक ही पल में नेस्तनाबूद कर आश्रितों परिवार जनों के जीवन में अंधकार भर जाता है। दुर्घटना के साथ प्रभावित लोगों मे न सिर्फ अपना जीवन गंवाने वाले लोग वरन उनके पीछे छूटे परिवार रिश्तेदार मित्र सहकर्मी परिचित भी भीतर गहराईयों से आहत होते हैं । हर प्रभावित जीवन गहन दुख और संवेदना से जुड़ी ऐसी कहानी पीछे छोड़ जाता है जिसको जानकर कोई भी संवेदनशील हृदय रो उठता है कि आखिर यह मानव जीवन जितना दुर्लभ है उतना ही क्षण भंगुर है जीवन में लाखों सपने है अनन्त असीम संभावनाएं छिपी हुई है लेकिन उससे भी अधिक अनिश्चितता जुड़ी है। कल तो सपना है साहब पल का भी पता नहीं है।

करीब चार साल पहले ऐसा अनुभव कोरोना काल ने दिया था जब महामारी के चलते असमय लोगों की जान जा रही थी अब एक विमान दुर्घटना ने भी सैकड़ों परिवारों को अन्तस्थ दुःख दिया है दुर्घटनाओं में हताहतों की सूची कुछ संख्याओं और कुछ नाम और पतों की जानकारी देती है। इनसे जुड़ी कहानियां और भावनाएं अव्यक्त और गर्भित रह जाती हैं। हरेक प्रभावित जीवन के साथ संबंधों रिश्तों कार्य क्षेत्र योजनाओं और भावनाओं का लंबा सिलसिला जुड़ा होता है। एक दुर्घटना के साथ अनेक कहानियों, उपन्यासों और महाकाव्यों का अंत एक झटके में हो जाता है। इनमें से कुछ का जिक्र अखबारों और चैनलों में होता है और बहुत सारे पर प्रभावित जीवन जिक्र बिना पार्श्व में छिपे विवरण के बगैर किसी चर्चा के खत्म हो जाती हैं।इन असमय काल के मुह में समाने वाले अधिकांश जिंदगी के भीतर छिपी गहरी वेदना अव्यक्त रह जाती है। ज्यादा से ज्यादा एक या दो दिन हम इन्हें याद रखते हैं और फिर दुनिया आगे बढ़ जाती है।भारत के छोटे-छोटे गांवों और कस्बों के छोटे-छोटे लोगों की उम्मीदों, सपनों और दुश्वारियों की किताबें खुल रही हैं। ड्राइंग रूमों से लेकर सड़क किनारे पड़ी मचिया (मंजी) के पास रखे टीवी सेट पर उम्मीदों की टकटकी लगाए करोड़ों लोग इसमें शामिल हैं। ऐसे में कुछ दुखभरी खबरें सुनाई पड़ती हैं, तो मन खिन्न हो जाता है। ऐसा ही कुछ अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना के बाद सुनाई पड़ रहा है। इस हादसे में बचे एकमात्र यात्री विश्वास कुमार रमेश की कहानी भी अकल्पनीय है। वे कैसे बचे, वे खुद नहीं जानते। रमेश के भाई ने बताया कि दुर्घटना के कुछ समय फोन कॉल में रमेश ने अपने परिवार से कहा, मुझे नहीं पता कि मैं कैसे जीवित हूं। दूसरी तरफ इस दुर्घटना ने तमाम सपनों को तोड़ा और घर-परिवारों में विषाद की गहरी लकीर खींच दी। ऐसी तमाम कहानियां अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना के साथ खत्म हो गईं। इनमें राहत और बचाव से जुड़ी सकारात्मक कहानियां भी शामिल हैं।

सेवानिवृत्ति से कुछ महीने दूर एक पायलट, ग्यारह वर्ष से अधिकअनुभव वाली एक फ्लाइट अटेंडेंट, केबिन क्रू में शामिल दो मणिपुरी लड़"कियों की कहानी और पनवेल की एक युवा फ्लाइट अटेंडेंट जो अपने गांव की असंख्य युवा लड़कियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई थी। वे उन 12 सदस्यीय चालक दल में शामिल थे, जो एयर इंडिया के इस ड्रीमलाइनर के साथ काल-कवलित हो गए। गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी की भी अहमदाबाद विमान हादसे में मौत हो गई। वे अपनी पत्नी अंजलि और बेटी से मिलने जा रहे थे।

60 वर्षीय कैप्टन सुमीत सभरवाल, विमान में सवार सबसे वरिष्ठ चालक दल के सदस्य थे। लंबे समय से पायलट रहे सभरवाल अपने 90 वर्षीय पिता के साथ पवई के जलवायु विहार में रह रहे थे। पड़ोसियों के अनुसार, वह रिटायर होने से बस कुछ ही महीने दूर थे और उन्होंने अपने बूढ़े पिता के साथ घर पर अधिक समय बिताने की योजना बनाई थी। जलवायु विहार के एक पड़ोसी ने बताया, वे बहुत ही रिजर्व रहने वाले और अनुशासित व्यक्ति थे। हम अक्सर उन्हें वर्दी में आते-जाते देखते थे।उनकी मौत से न केवल उनके परिवार बल्कि पवई के आवासीय समुदाय को भी जबरदस्त सदमा लगा है, जहां वे कई सालों से रह रहे थे। सह पायलट क्लाइव कुंदर का परिवार मूल रूप से कर्नाटक के मैंगलोर का रहने वाला है, लेकिन कई साल पहले वे मुंबई आ गए थे.क्लाइव की मां भी एयर इंडिया में केबिन क्रू के रूप में काम करती थीं.मुंबई में पढ़ाई करने के बाद क्लाइव ने अमेरिका के फ्लोरिडा में अपनी कमर्शियल पायलट ट्रेनिंग पूरी की. उन्होंने अपने कमर्शियल करियर की शुरुआत से लेकर अब तक 1100 घंटे की उड़ान पूरी की.क्लाइव की मौत के बाद उनके बूढ़े माता-पिता फिलहाल अपनी बेटी के पास ऑस्ट्रेलिया चले गए हैंवह बेहद हताश है।

महाराष्ट्र के बदलापुर के दीपक पाठक विमान के फ्लाइट असिस्टेंट थे। ग्यारह साल से भी ज्यादा समय से एयरलाइन के समर्पित कर्मचारी दीपक किसी भी उड़ान से पहले घर पर फोन करना नहीं भूलते थे। उन्होंने गुरुवार को भी ऐसा ही किया। इस त्रासदी ने पाठक परिवार के साथ-साथ बदलापुर के बड़े समुदाय को भी बहुत दुखी कर दिया, जो उन्हें एक सज्जन व्यक्ति के रूप में जानते थे।गोरेगांव, मुंबई की रहने वाली अपर्णा महादिक भी लंदन जाने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट में केबिन क्रू मेंबर थीं. उन्हें भी कई सालों का अनुभव था और वे फिलहाल 'सीनियर क्रू मेंबर' के तौर पर काम कर रही थीं. उनके पति अमोल महादिक भी इसी फील्ड में पायलट के तौर पर काम कर रहे हैं.40 वर्षीय अपर्णा पिछले 10 सालों से इस क्षेत्र में कार्यरत थीं. उनके परिवार में 9 साल की बेटी और पति हैं.

इसी दुर्घटना में एक युवा दंपति और उनके तीन छोटे बच्चों की मुस्कुराती तस्वीर है। यह तस्वीर राजस्थान के बांसवाड़ा के प्रतीक जोशी के परिवार की है, जो छह साल से लंदन में रह रहे थे। सॉफ्टवेयर इंजीनियर प्रतीक, लंबे समय से अपनी पत्नी और तीन छोटे बच्चों के लिए विदेश में जीवन बनाने का सपना देख रहे थे, जो भारत में ही रहते थे। कई साल तक की औपचारिकताओं के बाद आखिरकार उनका सपना सच होने जा रहा था।

दुर्घटना के दो दिन पहले, उनकी पत्नी, डॉ. कोमी व्यास ने, जो उदयपुर की चिकित्सक थीं, अपनी नौकरी से इस्तीफा दे दिया। बैग पैक के साथ पांच लोगों का यह परिवार एक नए भविष्य को संजोए लंदन जाने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट 171 में सवार हुआ। उन्होंने एक सेल्फी क्लिक की। इसे रिश्तेदारों को भेजा। यही सेल्फी सोशल मीडिया में अब वायरल है। एक नई जिंदगी की वह यात्रा पूरी नहीं हो पाई। कुछ ही पलों में, जीवनभर के सपने राख में बदल गए।

आपको बता दें कुछ ऐसे भी फूल थे जो पूरी तरह खिले भी नहीं और खिजां खा गई। 22 साल के इरफ़ान शेख़ भी एयर इंडिया के विमान के चालक दल सदस्य थे.वह सबसे युवा क्रू मैंबर थे उनकी मौत से परिजन बेहाल हैं। तारापुर के कमलेशभाई का बेटा बेटा पार्थ पहली बार स्टूडेंट वीज़ा पर लंदन जा रहा था। यह उसकी पहली और आखिरी यात्रा साबित हुई। जिस बच्चे को पढ़ा कर इंजीनियर बनाया जाने की तैयारी थी पल भर में सब खत्म हो गया। उनके परिवार के आंसू नहीं थम रहे थे.

35 साल की सैनीता चक्रवर्ती लंदन जाने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट में  कम उम्र की क्रू मेंबर में से एक थीं. वह मुंबई के जुहू कोलीवाड़ा में रहती थीं.सैनीता पहले एयरलाइन 'गो एयर' में काम करती थीं और हाल ही में 'एयर इंडिया' में शामिल हुई थीं सैनीता की मौत परिवार पर वज्रपात है। अहमदाबाद विमान दुर्घटना में डोंबिवली की 27 वर्षीय रोशनी संघारे की भी मृत्यु हो गई.उनकी हाल ही मे शादी हुई थी। वह अपने परिवार के साथ मुंबई के पास ठाणे ज़िले के डोंबिवली में रहती थीं. उनके परिवार में उनकी माँ, पिता और छोटा भाई हैं। मणिपुर के थौबल शहर की 21 वर्षीय नगनथोई शर्मा कॉगब्राइलात्पम 12 जून को अहमदाबाद में एयर इंडिया के दुर्घटनाग्रस्त विमान में केबिन क्रू की सदस्य थी। मणिपुर की एक और लड़की 28 वर्षीय लामनुनथेम सिंगसन भी उस फ्लाइट के केबिन क्र में शामिल थी। सिंगसन का परिवार मई, 2023 में जातीय हिंसा भड़कने के बाद इंफाल से विस्थापित होने के बाद कुकी बहुल कांगपोकपी जिले में रह रहा है। दोनों के जीवन और संघर्ष की अलग-अलग कहानियां हैं, जो सुदूर पूर्वोत्तर से शुरू होकर लंदन, वॉशिंगटन, पेरिस, तोक्यो और बीजिंग तक जाती हैं।

## सेहत

### गर्मियों में इंस्टा-ग्लो चाहिए, अपनी स्किन टाइप के अनुसार बनाएं मखाने का फेस स्क्रब

मखाने को सेहत के लिए काफी अच्छा माना जाता है, लेकिन यह आपकी स्किन के लिए भी उतना ही फायदेमंद है। मखाने की मदद से आप फेस स्क्रब बनाकर उसका इस्तेमाल कर सकते हैं। यह होममेड फेस स्क्रब आपकी डेड स्किन सेल्स को हटाकर फेस को स्मूद और सॉफ्ट बनाएगा। अपनी स्किन की खूबसूरती को बनाए रखने के लिए हम मार्केट में मिलने वाले तरह-तरह के महंगे ब्यूटी प्रोडक्ट्स में इनवेस्ट करते हैं। लेकिन नेचुरल उपायों को अक्सर नजरअंदाज कर देते हैं। जबकि इन नेचुरल उपायों को अपनाकर अप बेहद आसानी से अपनी स्किन की खूबसूरीत को बरकरार रख सकती हैं। इन्हीं उपायों में से एक है मखने का इस्तेमाल करना। मखाने को सेहत के लिए काफी अच्छा माना जाता है, लेकिन यह आपकी स्किन के लिए भी उतना ही फायदेमंद है। मखाने की मदद से आप फेस स्क्रब बनाकर उसका इस्तेमाल कर सकते हैं। यह होममेड फेस स्क्रब आपकी डेड स्किन सेल्स को हटाकर फेस को स्मूद और सॉफ्ट बनाएगा। आप अपनी स्किन की जरूरतों का ख्याल रखते हुए इस स्क्रब में कुछ अन्य इंग्रीडिएंट्स मिक्स कर सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि आप ग्लोइंग स्किन पाने के लिए मखाने की मदद से फेस स्क्रब किस तरह बना सकते हैं.

**मखाना फेस स्क्रब बनाने के लिए क्या-क्या चाहिए**

- 2 बड़े चम्मच मखाना
- 2 बड़े चम्मच कच्चा दूध
- 1 छोटा चम्मच शहद
- 1 छोटा चम्मच गुलाब जल

मखाना फेस स्क्रब कैसे बनाएं-

- फेस स्क्रब बनाने के लिए सबसे पहले मखाने को तवे पर 2-3 मिनट तक भून लें, ताकि वह क्रिस्पी हो जाएं।
- अब मखाने को ठंडा होने दें और मिक्सी में पीस लें।
- अब एक कटोरी में ये पिसा हुआ मखाना, दूध, शहद और गुलाब जल मिलाकर एक गाढ़ा पेस्ट बना लें।

मखाना फेस स्क्रब कैसे इस्तेमाल करें-

- मखाना फेस स्क्रब इस्तेमाल करने के लिए सबसे पहले चेहरे को हल्का गीला करें।
- अब फेस पर स्क्रब लगाएं और उंगलियों से गोल-गोल घुमाते हुए 2-3 मिनट तक धीरे-धीरे मसाज करें।

## सू-दोकू 88

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.087 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## बंगाल की खाड़ी में सिस्टम बनने से 26 से वर्षा होने का अनुमान

# मानसून के विलंब होने से किसान निराश, कृषि कार्य पिछड़ रहा



**रायपुर, 23 जून।** प्रदेश में मानसून के विलंब होने से इस समय किसान निराश हैं। प्रदेश के 200 से अधिक तहसीलों में कृषि का कार्य तेजी नहीं पकड़ पाया है। राज्य में बलरामपुर में ज्यादा वर्षा हुई है। मौसम विभाग ने पूर्वानुमान व्यक्त किया है कि खाड़ी में एक सिस्टम बनने के कारण 26 जून से अच्छी वर्षा होगी।

मौसम विभाग के वैज्ञानिक डॉ. चन्द्रा ने बताया कि उत्तरी छत्तीसगढ़ में इस समय एक सिस्टम प्रभावशाली होने के कारण अच्छी वर्षा हुई है। यहां पर नदी नाले तूफान पर हैं, जबकि दक्षिण बस्तर में वर्षा कम हुई है। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार पश्चिम बंगाल की खाड़ी में एक सिस्टम बन रहा है, जिसके कारण आगामी 26 जून से वर्षा होने की संभावना है। इधर मानसून की बेरूखी से किसान निराश है। इस समय खुर्रा बोनी नहीं हो पा रहा है। जहां-जहां सिंचाई साधना है वहां थरहा लगाया जा रहा है। कृषि संचालक द्वारा बैठक लेकर कृषि की बोवाई सहित अन्य जानकारी ली जा रही है।

मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण मध्य उत्तर प्रदेश के दक्षिणी भाग में स्थित है तथा यह 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका मध्य उत्तर प्रदेश के दक्षिणी भाग से उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी तक उत्तर पूर्व मध्य प्रदेश, झारखंड, उत्तर उड़ीसा तक स्थित है तथा यह 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी और उससे लगे उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी, तटीय आंध्र प्रदेश से दूर तथा दक्षिण उड़ीसा तट के ऊपर 5.8 किलोमीटर से 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में अनेक स्थानोथ पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की संभावना है। प्रदेश में 26 जून से व्यापक वर्षा होने की संभावना है।

## करोड़ों की ठगी मामले में फरार केके श्रीवास्तव गिरफ्तार

**रायपुर, 23 जून।** करोड़ों की ठगी मामले में ईओड्ब्लयु को को बड़ी कामयाबी मिली है। खुद को पूर्व मुख्यमंत्री का करीबी बताने वाले बिलासपुर निवासी केके श्रीवास्तव को ईओडब्ल्यू (आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा) की टीम ने मध्यप्रदेश के भोपाल स्थित एमरॉल्ड होटल से गिरफ्तार किया है। आरोप है कि श्रीवास्तव ने दिल्ली की कंपनी रावत एसोसिएट्स से स्मार्ट सिटी का 500 करोड़ का काम दिलाने का झांसा देकर 15 करोड़ रुपए की ठगी की थी।



**झांसे में लिया दिल्ली की कंपनी को, काम न मिलने पर धमकी**-केके श्रीवास्तव ने रावत एसोसिएट्स के मालिक अर्जुन रावत को रायपुर में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में बड़ा ठेका दिलाने का वादा किया था और उसे प्रदेश के बड़े नेता से भी मुलाकात कराई। भरोसा जीतने के बाद उसने ÷ऊपरी लोगों को पहुंचाने÷ के नाम पर 15 करोड़ रुपए ऐंठ लिए। लेकिन काम नहीं मिला। जब रावत ने पैसे वापस मांगे, तो श्रीवास्तव ने चेक दिया—जो बाउंस हो गया। इसके बाद धमकियां देने लगा।

**तंत्र-साधना से बनाई थी सियासी पहुंच**-श्रीवास्तव खुद को तांत्रिक और धार्मिक अनुष्ठानकर्ता बताता था। इसी माध्यम से उसकी पहुंच तत्कालीन मुख्यमंत्री और कई वरिष्ठ नेताओं तक बन गई थी। उसी साख का फायदा उठाकर उसने करोड़ों की ठगी को अंजाम दिया।

**फरार घोषित, इनाम भी घोषित था**-केके श्रीवास्तव के खिलाफ 10 माह पहले स्नढ्ढक्रदर्ज की गई थी, जिसके बाद वह फरार हो गया था। पुलिस ने उसे भगोड़ा घोषित कर उस पर इनाम भी रखा था। हाईकोर्ट से भी अग्रिम जमानत खारिज होने के बाद उसके ठिकाने पर नजर रखी जा रही थी। आखिरकार, ईओडब्ल्यू की टीम ने उसे भोपाल से गिरफ्तार कर लिया।

**बेटा कंचन अब भी फरार**-इस मामले में आरोपी बनाए गए श्रीवास्तव का बेटा कंचन श्रीवास्तव अब भी फरार है। पुलिस उसकी तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है।

## निगम ने संतोषी नगर चौक से कमल विहार चौक तक अवैध अतिक्रमण हटाने कार्रवाई की




**रायपुर, 23 जून।** नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर जोन 6 जोन कमिश्नर हितेन्द्र यादव और जोन 10 जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे के मार्गदर्शन में जोन 6 सहायक अभियंता आशीष श्रीवास्तव, जोन 10 सहायक अभियंता सुशील अहीर, उप अभियंता सर्वरविप्रभात साहू, अजय श्रीवास्तव, राहुल थरानी की उपस्थिति में नगर निगम जोन 6, जोन 10 और निगम मुख्यालय नगर निवेश उड़न दस्ता ने संतोषी नगर चौक से कमल विहार चौक तक मुख्य मार्ग में जनहित में जनसुविधा हेतु सुगम और सुव्यवस्थित यातायात कायम करने अवैध अतिक्रमण हटाने अभियान चलाया. कमल विहार गेट में अवैध सब्जी दुकानों को हटाया गया. वहीं संतोषी नगर चौक में अवैध चिकन - मटन दुकान, अवैध बोर्ड, ठेले, गुमटी,अवैध शेड, अस्थायी दुकान को सड़क से हटाने की कड़ी कार्यवाही जनहित में सुगम आवागमन देने अभियान के अंतर्गत की गयी।

### बिजली कनेक्शन विवादः नेता प्रतिपक्ष पर लगा महिला के साथ अवैध संबंध का आरोप

## कथित पत्रकारों ने खबर न चलाने के लिए मांगे 50 हजार, एफआईआर दर्ज

**बलासपुर, 23 जून।** बिलासपुर नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष व पार्षद भरत कश्यप ने उन्हें बदनाम करने का आरोप लगाते हुए 4 कथित पत्रकारों के खिलाफ सिविल लाइन थाने में शिकायत की दर्ज कराई है. उनका आरोप है कि पत्रकारों ने उनके एक महिला से अवैध संबंध होने की खबर वायरल नहीं करने पर 50 हजार रुपए की मांग की है. नेता प्रतिपक्ष के शिकायत पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने स्नढ्ढक्रदर्ज लिया है. इस मामले में पीड़ित महिला की रिपोर्ट पर भी 3 युवक और 3 महिलाओं के खिलाफ जुर्म दर्ज कर जांच की जा रही है. जानकारी के मुताबिक, नगर निगम का कांग्रेस पार्टी का नेता प्रतिपक्ष व वार्ड क्रमांक 19 के पार्षद भरत कश्यप ने रिपोर्ट लिखाई, कि दो दिन पहले वेबपोर्टल के पत्रकार नीरज उर्फ अप्पू शुक्ला, संतोष मिश्रा, जिया उल्लाह खान व एक अन्य उनके नेहरू नगर स्थित कार्यालय पहुंचे और गलत आरोप लगाते हुए कहा कि आपका एक महिला के साथ अवैध संबंध है,



महिला के साथ आपका वीडियो भी हमारे पास मौजूद है. अगर आप चाहते हैं कि यह वीडियो वायरल न हो, तो इसके लिए आपको हमें 50 हजार रुपए देने होंगे. इसपर नेता प्रतिपक्ष ने पैसै देने से इनकार कर दिया. नेता प्रतिपक्ष का आरोप है कि पैसे न देने पर पत्रकारों ने उन्हें बदनाम करने के लिए महिला के साथ उनके अवैध संबंध की खबर और वीडियो वायरल कर दी. वीडियो वायरल होने के बाद नेता प्रतिपक्ष ने पत्रकारों के खिलाफ बदनाम करने के आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है. उनकी शिकायत पर पुलिस ने कथित पत्रकार नीरज उर्फ अप्पू शुक्ला, संतोष मिश्रा, जिया उल्लाह खान व एक अन्य के खिलाफ अवैध वसूली बीएनएस की धारा 308, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है. दरअसल, कस्तूरबा नगर में रहने वाली एक महिला ने थाने में शिकायत की है कि उनके घर में बिजली बंद होने पर बिजलीकर्मी उनके घर आए थे. इसपर कुछ लोगों द्वारा विवाद किया जा रहा था और घर में पत्थरबाजी की गई. महिला की शिकायत पर पुलिस ने दूसरे पक्ष के लोगों को थाने बुलाया. इस दौरान दूसरे पक्ष की महिलाओं ने पीड़ित महिला पर वार्ड के पार्षद भरत कश्यप से अवैध संबंध का आरोप लगाते हुए पार्षद पर राशन कार्ड नहीं 1 जून को अवैध संबंध का आरोप लगाते हुए महिलाओं का यह बयान सोशल मीडिया में वायरल हो गया. इसके बाद पीड़ित महिला ने जहर खाकर आत्महत्या करने की कोशिश की थी.

## जगदलपुर में नजर आ रहा है असली सुशासन

**जगदलपुर, 23 जून।** किसी भी गांव, कस्बे और शहर की तरक्की की पहचान वहां की सड़कों से होती हैं और यही सड़कें विकास का पैमाना भी होती हैं, क्योंकि सड़कों के जरिए ही विकास के दूसरे संसाधन पहुंचते हैं। अब हमारे जगदलपुर में भी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सुशासन वाली सरकार के असली सुशासन की झलक सड़कों पर दिखाई देने लगी है। महापौर संजय पाण्डेय की निगहबानी में बनवाई जा रही सड़कें असल सुशासन की तस्वीर पेश कर रही हैं। पहले सड़कें बरिश की पहली बौछार भी नहीं झेल पाती थीं। अब शहर में जो सड़कें महापौर संजय पाण्डेय की देखरेख में बनाई जा रही हैं, वे बारिश की मार तो पूरी दमदारी से झेल ही रही हैं, काफी मजबूती से खड़ी हैं और दमक भी रही हैं। जगदलपुर में मेयर संजय पाण्डेय के नेतृत्व में नगर निगम द्वारा विधायक किरण सिंह देव एवं सांसद महेश कश्यप के सहयोग से स्वीकृत राशि से बेहतरीन सड़कों का निर्माण कराया जा रहा है।

# रेत माफियाओं पर कलेक्टर-एसएसपी का 'सैंड स्ट्राइक' 86 वाहन जब्त, 31 एफआईआर दर्ज

**बिलासपुर, 23 जून।** अवैध रेत खनन पर शिकंजा कसते हुए बिलासपुर प्रशासन ने अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। कलेक्टर संजय अग्रवाल और एसएसपी रजनेश सिंह की निगरानी में 5 दिनों के भीतर 31 आपराधिक मामले दर्ज किए गए हैं और 86 से अधिक वाहनों को जब्त किया गया है। प्रशासन ने साफ संदेश दिया है–अब रेत माफिया नहीं बचेंगे।

**माफियाओं की नींद उड़ाने वाली कार्रवाई**-बारिश की आहट के साथ ही रेत माफियाओं ने जिले में जगह-जगह अवैध डंपिंग शुरू कर दी थी। लेकिन इस बार प्रशासन पहले से तैयार था। कलेक्टर और एसएसपी खुद फील्ड पर नजर बनाए हुए हैं। पुलिस और माइनिंग विभाग की टीमों ने 46 ट्रैक्टर, 14 हाईवा, 2 जेसीबी और एक चेन माउंटेड पोकलेन समेत भारी वाहन जब्त किए। करीब 500 टन अवैध रेत जब्त की गई।



**FIR और कानूनी शिकंजा-** अभियान के तहत खनिज अधिनियम 1957 की धारा 4(1), 4(1)(), 21 और भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2), 3(5) के तहत मुकदमे दर्ज किए गए हैं। इसके अलावा क्रद्गस्न की धारा 106 के तहत 55 मामलों में माइनिंग विभाग को रिपोर्ट सौंपी गई है।

**रेत माफियाओं को अब कोई रियायत नहीं**-कलेक्टर संजय अग्रवाल ने दो टूक कहा, ÷रेत खनन पर अब हर दिन निगरानी होगी। ड्रोन सर्वे से भी अवैध खनन पर नजर रखी जाएगी। जिला प्रशासन इस बार पीछे हटने वाला नहीं।÷

**एसएसपी का सख्त संदेश**-एसएसपी रजनेश सिंह ने कहा, ÷किसी भी राजनीतिक या बाहरी दबाव की परवाह किए बिना पुलिस सख्त कार्रवाई कर रही है। अवैध रेत कारोबारियों की अब खैर नहीं है।÷

**संयुक्त कार्रवाई में दिखी एकजुटता**-SDM, SDOP, CSP, तहसीलदार, थाना प्रभारी, माइनिंग इंस्पेक्टर सहित पुलिस और राजस्व विभाग की टीमों ने कई जगह दबिश दी। माफिया सकते में हैं और जनता राहत की सांस ले रही है।

**तकनीक भी हथियार बनेगी**-प्रशासन ने आगे रेत की निगरानी के लिए ड्रोन सर्वे, GPS ट्रैकिंग और रियल टाइम लोकेशन मॉनिटरिंग का इस्तेमाल करने की योजना बनाई है। आम लोगों से भी अपील की गई है कि वे अवैध रेत खनन की सूचना दें–कार्यवाही तत्काल होगी। जहां पहले खुलेआम खनन होता था, वहां अब खामोशी है। कई डंपिंग साइट्स पर कोई गतिविधि नहीं दिख रही। ग्रामीणों ने इस अभियान की प्रशंसा करते हुए इसे ÷साहसी और सराहनीय कदम÷ बताया है।

## एक नजर

### आईटीआई बस्तर में विभिन्न ट्रेडों प्रवेश के लिए आवेदन 25 जून तक

**जगदलपुर 23 जून।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बस्तर में व्यवसाय को, मैकेनिक डीजल, फिटर, विद्युतकार, वुडवर्क टेक्नीशियन, ड्रॉफटमेन सिविल, ड्राईवर कम मैकेनिक, इन्सट्रूमेंट मैकेनिक, मशीनिष्ट, मैकेकिन मोटर व्हीकल, स्टेनोग्राफर हिन्दी एवं इंग्लिश, टर्नर, वेल्डर वायरमैन, बैम्बू वर्क के सीटों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 25 जून रात्रि 11.59 बजे तक विभागीय वेबसाईट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। इस संस्थान में उपलब्ध सीटों की जानकारी विभागीय वेबसाईट www.cgiti.admission.nic.in के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। इस संस्थान में उपलब्ध सीटों की जानकारी विभागीय वेबसाइट में प्रदर्शित की गई है। अधिक जानकारी हेतु शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था पर संपर्क किया जा सकता है।

### आईटीआई बकावंड में विभिन्न ट्रेड में 25 जून तक कर सकते हैं आवेदन

**जगदलपुर 23 जून।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बकावंड में व्यवसाय कोपा में 48 सीट, मैकेनिक डीजल में 48 सीट, प्लम्बर में 48 सीट, फिटर में 20 सीट एवं विद्युतकार में 20 सीटों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 25 जून रात्रि 11.59 बजे तक विभागीय वेबसाईट cgiti.admission.nic.in के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। इस संस्थान में उपलब्ध सीटों की जानकारी विभागीय वेबसाइट में प्रदर्शित की गई है। अधिक जानकारी हेतु 626869-92047, 70893-05591, 97704-26314 या शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बकावण्ड पर संपर्क किया जा सकता है।

### आईटीआई बास्तानार में प्रशिक्षण के लिए 25 जून तक आवेदन

**जगदलपुर 23 जून।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बास्तानार, तोकापाल और दरभा में प्रवेश सत्र 2025-26 में संचालित कोपा एवं सीएचएनएम (हार्डवेयर) में प्रवेश के लिए इच्छुक अभ्यर्थी 25 जून रात्रि 11.59 बजे तक विभागीय वेबसाईट cgiti.admission.nic.in के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

### जब्त अवैध मदिरा को राजस्व, आबकारी एवं पुलिस विभाग की उपस्थिति में नष्ट किया गया



**बीजापुर 23 जून।** कलेक्टर जिला बीजापुर द्वारा निर्देशित नष्टिकरण कार्यवाही के परिपालन मे थाना भैरमगढ़ के अंतर्गत ग्राम भैरमगढ़ मे खसरा नं. 49 का चयन कर विधिवत नष्टीकरण किया गया। कुल जब्तशुदा मात्रा 7142 लीटर अंग्रेजी शराब को थाना भैरमगढ़ से चयनित स्थान पर 6 ट्रेक्टर ट्राली के माध्यम से ले जाकर नष्टीकरण तथा भूमिगत किया गया। सम्पूर्ण प्रक्रिया की वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी कराई गई। कार्यवाही मे राजस्व आबकारी पुलिस एवं अन्य विभाग उपस्थित रहे।

### जिले के समस्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में प्रवेश प्रक्रिया जारी, 25 जून अंतिम दिवस




**बीजापुर 23 जून।** जिला बीजापुर के समस्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं बीजापुर, उसूर, भैरमगढ, एवं भोपालपटनम में प्रवेश सत्र 2025-26 एवं 2026-27 में संचालित व्यवसाय एक वर्षीय व्यवसाय कोपा, मैकेनिक डीजल एवं द्विवर्षीय व्यवसाय फिटर एवं विद्युतकार में प्रवेश के लिये 16 जून 2025 से 25 जून 2025 तक ऑनलाइन प्रवेश पोर्टल के माध्यम से आवेदन किया जा सकता हैं। प्रवेश के इच्छुक आवेदक स्वयं विभागीय वेबसाइट http://cgiti.admission.nic.in/ पर लॉगिन कर अथवा किसी भी लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### आईटीएम यूनिवर्सिटी ने रोजगार केंद्रित पांच पाठ्यक्रमों का शुभारंभ

**रायपुर, 23 जून।** आईटीएम यूनिवर्सिटी रायपुर ने जुलाई से रोजगार केंद्रित पांच पाठ्यक्रमों का शुभारंभ आज प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में किया। पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए विवि के प्रो वाइस चांसलर श्रीमती लक्ष्मीमूर्ति एवं ग्रुप डायरेक्टर धरमवीर धीर ने बताया कि जुलाई से रोजगार केंद्रित उद्योग समर्थित पांच नए पाठ्यक्रम यथा बीबीए इन बैंकिंग एंड फाइनेंस, बीबीए एन सप्लाई चेन एंड लाजिस्टिक्स मैनेजमेंट, बीटेक सीएसई इन आर्टिपिद्यऊशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग, बीटे सीएसई इन डेटा साइंसेस एवं बीएससी इन होटल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट।

## समाचार संक्षेप

### शिक्षण संस्थान बनेंगे तम्बाकूमुक्त, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय की अनूठी पहल

सुकमा, 23 जून। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन में सुकमा जिले में शिक्षा को नशा मुक्त बनाने की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम उठाया गया है। तम्बाकू मुक्त शिक्षा मिशन के अंतर्गत जिला शिक्षा अधिकारी, सुकमा द्वारा एक विशेष अभियान की शुरुआत की गई है, जिसका उद्देश्य जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय शैक्षणिक संस्थानों को शत-प्रतिशत तम्बाकू मुक्त बनाना है। इस अभियान के अंतर्गत शिक्षण संस्थानों में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में विद्यार्थियों ने गाँवों और नगरों में हाथों में तख्तियाँ लेकर रैली निकाली और आमजन को तम्बाकू के दुष्प्रभावों से अवगत कराया। रैली के दौरान बच्चों ने जनसमुदाय से तम्बाकू का सेवन न करने की अपील की। विश्व योग दिवस के अवसर पर, 21 जून को जिलेभर में योग कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहाँ बच्चों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को ÷तम्बाकू से मुक्त जीवन की शपथ÷ दिलाई गई। इन आयोजनों के माध्यम से न केवल स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाई गई, बल्कि बच्चों में सकारात्मक जीवन शैली अपनाने का संकल्प भी लिया गया। जी.आर.मण्डावी जिला शिक्षा अधिकारी सुकमा ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम आगे भी नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे, ताकि तम्बाकू के खिलाफ यह मुहिम निरंतर चलती रहे और सुकमा जिले को पूर्ण रूप से तम्बाकू मुक्त बनाया जा सके।

### प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए राज्य स्तरीय काउंसिलिंग 23 जून से

**सुकमा, 23 जून।** प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु राज्य स्तरीय काउंसलिंग 23 जून से प्रारंभ होगा। छत्तीसगढ़ के प्रयास आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 की कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु विद्यार्थियों की वर्गवार मेरिट एवं प्रतीक्षा सूची विभाग की वेबसाईट एकलव्य डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन https://eklavya.cg.nic.in पर अपलोड कर दिया गया है। मेरिट सूची में दर्शित विद्यार्थी का काउंसलिंग, निर्धारित तिथि एवं समय में होगा। इसलिए वे सभी दस्तावेजों सहित अनिवार्य रूप से उपस्थित हो। मेरिट सूची में दर्शित विद्यार्थी के साथ एक अभिभावक, पालक को काउंसलिंग स्थल में प्रवेश की पात्रता होगी और निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित नहीं होने की स्थिति में रिक्त सीट के आधार पर संस्था आबंटित किया जाएगा। रायपुर के में स्थित प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय गुढ़ीयारी को काउंसिलिंग स्थल बनाया गया है, जहां काउंसिलिंग समय प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित है। अनुसूचित जनजाति एवं विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह (पीवीटीजी) बालक वर्ग का काउंसलिंग 23 जून, अनुसूचित जनजाति एवं विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह (पीवीटीजी) बालिका वर्ग का काउंसलिंग 24 जून,अनुसूचित जाति बालक-बालिका वर्ग के लिए 25 जून, अन्य पिछड़ा वर्ग बालक बालिका वर्ग के लिए 26 जून, सामान्य वर्ग बालक बालिका अल्पसंख्यक बालक बालिका वर्ग के लिए 27 जून 2025 निर्धारित है।

### तमनार के किसानों को दिया गया प्राकृतिक खेती करने का प्रशिक्षण



**बीजापुर 23 जून।** बीजापुर जिले के ग्राम तुमनार में 21 जून 2025 को राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को प्राकृतिक खेती की तकनीकों, रासायनिक खेती के दुष्प्रभावों और टिकाऊ कृषि पद्धतियों के लाभों के बारे में जागरूक करना था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जो इस मिशन के प्रति उनकी रुचि और जागरूकता को दर्शाता है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा किया गया जिसमें उप संचालक कृषि बीजापुर, श्री पी एस कुशरे, और सहायक संचालक कृषि, श्री कृष्ण कुमार सिंहा, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, पंकज कुमार नेताम मुख्य वक्ता और प्रदर्शनकर्ता के रूप में शामिल थे। कार्यक्रम में प्राकृतिक खेती के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई, जिसमें बीज उत्पादन, प्राकृतिक खाद जैसे घनजीवामृत, बीजामृत, जीवामृत, निमाहस्त्र और ब्रह्मास्त्र के निर्माण, और रासायनिक खेती के दुष्प्रभावों से बचाव के उपाय शामिल थे। श्री पी एस कुशरे द्वारा बीज उत्पादन और रासायनिक खेती के दुष्प्रभावों पर चर्चा किया गया उन्होंने किसानों को बीज उत्पादन के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने प्राकृतिक खेती के माध्यम से उच्च गुणवत्ता वाले बीजों के उत्पादन पर जोर दिया, जो न केवल लागत प्रभावी है बल्कि पर्यावरण के लिए भी लाभकारी है। श्री कुसरे ने रासायनिक खेती के हानिकारक प्रभावों, जैसे मिट्टी की उर्वरता में कमी, जल प्रदूषण, और मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अंधाधुंध उपयोग से मिट्टी में मौजूद सूक्ष्मजीव और केंचुए जैसे लाभकारी जीव नष्ट हो रहे हैं, जो मिट्टी के स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हैं। श्री कुशरे ने प्राकृतिक खेती को अपनाने के लाभों पर जोर देते हुए कहा, प्राकृतिक खेती न केवल मिट्टी की उर्वरता को बढ़ाती है, बल्कि यह किसानों की लागत को कम कर उनकी आय में वृद्धि भी करती है। यह पर्यावरण संरक्षण और टिकाऊ कृषि की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। घनजीवामृत, बीजामृत, जीवामृत, निमास्त्र अग्नी अस्त्र, ब्रम्हास्त्र, पचपर्णीसार और दसपर्णीअर्क का जीवंत प्रदर्शन- सहायक संचालक कृषि, श्री कृष्णकुमार सिंहा ने प्राकृतिक खेती में उपयोग होने वाले महत्वपूर्ण इनपुट्स, जैसे बीजामृत जीवामृत घनजीवामृत नीमास्त्र और ब्रह्मास्त्र के निर्माण की प्रक्रिया का जीवंत प्रदर्शन किया। उन्होंने किसानों को दिखाया कि कैसे गोबर, गौमूत्र, और अन्य स्थानीय रूप से उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करके ये जैविक खाद और बीज उपचार सामग्री तैयार की जा सकती हैं। बीजामृत, जो बीज उपचार के लिए उपयोग होता है। और जीवामृत, जो मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने में सहायक है, दोनों को बनाने की प्रक्रिया को किसानों ने बड़े ध्यान से देखा और समझा। कृष्ण कुमार सिंहा ने बताया, बीजामृत और जीवामृत जैसे प्राकृतिक इनपुट्स न केवल सस्ते और आसानी से उपलब्ध हैं, बल्कि ये मिट्टी के स्वास्थ्य को बनाए रखते हैं और फसलों की गुणवत्ता को बढ़ाते हैं। इनके उपयोग से किसान रसायनमुक्त खेती की ओर तेजी से बढ़ सकते हैं। कार्यक्रम में तुमनार के किसानों ने बढ़ चढ़कर हिसा लिया। किसानों ने प्राकृतिक खेती की तकनीकों और उनके व्यावहारिक अनुप्रयोगों के बारे में गहरी रुचि दिखाई। कई किसानों ने प्रशिक्षण के दौरान सवाल पूछे और अपने अनुभव साझा किए,

### वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस 24 को

**रायपुर, 23 जून।** नगर पालिक निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 3 के सहयोग से वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर 24 जून 2025 को प्रातः 11 बजे शंकर नगर में कैनाल लींकिंग रोड के किनारे स्थित उनकी प्रतिमा स्थल के समक्ष उन्हें सादर नमन करने पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजन रखा गया है। आयोजन हेतु नगर निगम संस्कृति विभाग की ओर से नगर निगम जोन 3 जोन कमिश्नर को प्रतिमा स्थल की आवश्यक साफ-सफाई पुष्प, पुष्पमाला, फूलों की पंखुड़ियां आदि के साथ-साथ अन्य सामान्य यथोचित व्यवस्था सुनिश्चित करवाने निर्देशित किया गया है।

एक नजर

## जयंती मंडल के हत्यारों को कड़ी सजा दिलाने एसडीएम के नाम ज्ञापन



**सिमगा, 23 जून।** मितानिन स्वर्गीय जयंती मंडल 2004 से मितानिन में कार्यरत थी मितानिन जयंती मंडल की कुछ दिनों पहले अज्ञात आरोपियों ने पत्थर से सिर कुचल कर हत्या कर दी थी। इनकी लाश ग्राम हुल घाट के नदी किनारे मिली मृतक स्वर्गीय जयंती मंडल 40 वर्ष की थी मितानिन कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत हमत वही एवं चिखली सन 2004 से प्रशिक्षित थी इनके परिवार वालो को मुवाबजा देने की पेशकस रखी। उनकी हत्या का निंदा करते हुए वह आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा देने के पक्ष में मितानिनो ने सिमगा एस डी ?म कार्ययालय जा कर एस डी एम सर के अनुपस्थिति में कर्मचरी चिरंजीव शर्मा जी को ज्ञापन सौंपा मितानिन कार्यक्रम के तहत श्रीमती लोएस मशीह बी सी सुनीता देवांगन एम टी मानेस्वरी साहू एसपीएस चंद्रकला जोशी एम टी पुष्पा विमल ज्योति सरस्वती सेन हेमलता कुंती माहेश्वरी गौरी रुबीना रेवती शारदा महिपाल सोना यदि राजेश्वरी अनीता आलम ललित सुमन चंद्रकाली शामिल थे।

## वनभूमि पर कब्जा करने वालों की खैर नहीं, सीमांकन के बाद होगी कार्रवाई

**सुकमा, 23 जून।** रिजर्व फॉरेस्ट की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर अतिक्रमण के खिलाफवन विभाग सुकमा के द्वारा कार्रवाई शुरू कर दी गई है। वन भूमि से कब्जा धारी को समझाइश देकर अतिक्रमण हटाया जा रहा है। रविवार को सुकमा वन परिक्षेत्र अंतर्गत रिज़र्व फारेस्ट सुकमा व गीदम में वन परिक्षेत्र अधिकारी सुकमा और उनकी टीम ने अतिक्रमण कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं जिले भर में वन भूमियों पर अवैध कब्जा के खिलाफवन विभाग के द्वारा करवाई किया जाएगा इसके लिए वन विभाग वन भूमिका सीमांकन कर अतिक्रमण किए हुए भूमि को चिन्हित कर उसे पर अवैध कब्जा को खाली कर करवाया जाएगा। इस अभियान की शुरुआत हो चुकी है और जिले भर में इसी प्रकार से अवैध तरीके से वन भूमि पर किए गए अतिक्रमणों के खिलाफआगे कार्रवाई भी जारी रहेगी।

### एक पेड़ माँ के नाम अभियान 2.0: हरियाली को बढ़ावा देने के लिए पहल

# प्रधानमंत्री आवास हितग्राहियों को दिए गए निःशुल्क पौधे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 23 जून।** जिले में पर्यावरण को संरक्षित करने और हरियाली को बढ़ावा देने के लिए एक पेड़ माँ के नाम अभियान 2.0 की शुरुआत की गई है। इस अभियान का उद्देश्य न केवल जिले को हरा-भरा बनाना है, बल्कि सामुदायिक सहभागिता को प्रोत्साहित कर एक स्वस्थ और टिकाऊ भविष्य की नींव रखना भी है। इस पहल के तहत जिले के 42 हजार आवास हितग्राहियों को निःशुल्क दो-दो पौधे वितरित किए जा रहे हैं, जिनका आवास पिछले वर्ष और इस वर्ष के दौरान पूर्ण हुआ है। यह अभियान माँ की याद में पेड़ लगाने की भावना को समर्पित है, जो पर्यावरण के प्रति हमारी जिम्मेदारी को भी दर्शाता है। एक पेड़ माँ के नाम अभियान 2.0 के अंतर्गत चयनित 42,000 आवास हितग्राहियों को अपने घरों के आसपास पौधे रोपने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। प्रत्येक हितग्राही को दो पौधे निःशुल्क प्रदान किए जा रहे हैं, जिससे वे अपने परिवेश को हरित और स्वच्छ बना सकें। इस अभियान की प्रगति को पारदर्शी और जनसुलभ बनाने के लिए सभी गतिविधियों को पोर्टल पर अपलोड किया जा रहा है। यह डिजिटल पहल न केवल अभियान की पहुंच को बढ़ाती है, बल्कि नागरिकों को इसकी जानकारी प्राप्त करने और इसमें शामिल होने का अवसर भी प्रदान करती है।

**मेगा प्लांटेशन ड्राइवः जिले भर में होगी हरियाली की लहर :** इस अभियान के अगले चरण में एक मेगा प्लांटेशन ड्राइव की योजना बनाई गई है, जो संभवतः 1 जुलाई से 5 जुलाई 2025 तक आयोजित की जाएगी। इस ड्राइव के दौरान जिले के विभिन्न हिस्सों में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया जाएगा। जिसमें सभी शैक्षणिक और सामुदायिक स्थलों पर वृक्षारोपण किया जाएगा। इसी तरह जनभागीदारी से खाली स्थानों का उपयोग किया जाएगा। जिसमें समुदाय की भागीदारी से जिले के खाली पड़े स्थानों को हरियाली से आच्छादित किया जाएगा।

## वादाखिलाफी को लेकर गांव के युवाओं का फूटा आक्रोश



**रायगढ़, 23 जून।** धनागर गांव के युवाओं ने आज जिंदल कंपनी की वादाखिलाफी के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया. जिंदल सीमेंट प्लांट के मुख्य गेट के सामने जमकर नारेबाजी की गई. युवाओं ने फैक्ट्री का कामकाज रुकवा दिया. काम में लगे वाहनों को भी चलने नहीं दिया गया.

जानकारी के मुताबिक रायगढ़ जिला मुख्यालय से लगे धनागर गांव के युवाओं ने आज सुबह जिंदल कंपनी के सीमेंट प्लांट के सामने अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया. इस दौरान काम में लगे वाहनों को रूकवा दिया गया. युवाओं का कहना है कि कंपनी ने जमीन अधिग्रहण के समय रोजगार देने का वादा किया था, लेकिन वर्षों बाद भी उसे पूरा नहीं किया गया, जिससे उनमें भारी आक्रोश है. वे लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर आवाज उठा रहे हैं, लेकिन हर बार उन्हें सिर्फआश्वासन मिला है.

सीमेंट प्लांट के बाहर धरना प्रदर्शन कर रहे देवा पटेल ने बताया कि इससे पहले अपनी मांगों को लेकर उनके द्वारा कई बार धरना प्रदर्शन किया जा चुका है, मगर हर बार उन्हें आश्वासन मिलता रहा है. देवा ने बताया कि पिछली बार आंदोलन करने के दौरान जिंदल कंपनी के अधिकारियों के द्वारा उसे गाड़ी से कुचलने का प्रयास भी किया गया था. साथ ही साथ उनके साथ मारपीट की गई थी. देवा पटेल का कहना है कि गांव के बेरोजगार युवा जिंदल कंपनी के वादाखिलाफ को लेकर कलेक्टर से मिलकर शिकायत करने वाले हैं और आगामी दिनों में एनएच में चक्काजाम करने की पूरी योजना बना चुके है.

# खाद की आपूर्ति तत्काल करे सरकार : बसंत ताटी



**भोपालपटनम, 23 जून।** भोपालपटनम तहसील के अंतर्गत संचालित सहकारी सोसायटियों में खाद नहीं मिलने से किसान काफी परेशान है। समय पर यूरिया एवं डीएपी खाद नहीं मिलने की वजह से कृषि कार्य अत्यधिक प्रभावित हो रहा है लेकिन प्रदेश की साय सरकार को किसानों की बिल्कुल भी परवाह नहीं है।

उक्त बातें पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता बसंत राव ताटी ने कही। ताटी ने कहा कि इस वक्त बरसात का मौसम है सभी किसान कृषि कार्य में जुटे हुए है जिसमें से अधिकांश किसान सूखा धान की बुवाई भी कर चुके हैं लेकिन सहकारी सोसाइटियों के माध्यम से मिलने वाला खाद नहीं मिलने से किसान काफी चिंतित है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष किसानों को दी जाने वाली कृषि ऋष्ठा के माध्यम से खाद वितरण नहीं किया जा रहा है जिसके चलते क्षेत्र के किसान पड़ोसी राज्य तेलंगाना एवं महाराष्ट्र जाकर महंगी खाद खरीदने पर मजबूर है ताटी ने सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार कही किसानों की धान खरीदी पर पड़ने वाले अतिरिक्त बोझ से बचने के लिए धान का उत्पादन कम करने की योजना तो नहीं बना रही है? ताटी ने किसानों के हितों को ध्यान मे रखते हुए तत्काल खाद उपलब्ध कराने की मांग सरकार से की है।

# जेके ऑर्गेनाइजेशन ने रक्तदान शिविर आयोजित किया




**रायपुर, 23 जून।** अग्रणी औद्योगिक समूह, जेके ऑर्गेनाइजेशन ने जेके ऑर्गेनाइजेशन के पूर्व अध्यक्ष और 4 बिलियन डॉलर के समूह के विकास में मुख्य भूमिका निभाने वाले एक प्रमुख वास्तुकार स्वर्गीय श्री हरि शंकर सिंघानिया की 92वीं जयंती मनाने के लिए अपने विभिन्न संयंत्रों और बिक्री कार्यालयों में रक्तदान शिविर आयोजित किए। समूह की कंपनियों के लगभग 7,800 कर्मचारियों ने इस मानवीय पहल का समर्थन करने के लिए स्वेच्छा से योगदान दिया। रक्तदान से पहले, सभी प्रतिभागियों ने रक्तचाप, हीमोग्लोबिन और वजन के आकलन सहित बुनियादी स्वास्थ्य जाँच करवाई । प्रत्येक रक्तदान दाता को उनके योगदान के सम्मान में प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

समूह विभिन्न सामाजिक पहल करता रहता है, इस दिन आयोजित रक्तदान शिविर के माध्यम से स्वर्गीय श्री हरि शंकर सिंघानिया को एक विशेष श्रद्धांजलि दी गई, जो समाज को समर्थन देने के लिए गहराई से प्रतिबद्ध थे। पद्म भूषण से सम्मानित, श्री सिंघानिया ने जेके ऑर्गेनाइजेशन के विकास और समेकन को आगे बढ़ाने, नए उद्यम स्थापित करने और कई कंपनियों को समूह के दायरे में लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अपने संबोधन के दौरान, जेके ऑर्गेनाइजेशन के चेयरमैन श्री भरत हरि सिंघानिया ने एक भावपूर्ण संदेश देते हुए कहा, ÷हमारे संस्थापकों का दृढ़ विश्वास था कि व्यवसाय को एक उच्च उद्देश्य की पूर्ति करनी चाहिए; और यह विश्वास आज भी हमारा मार्गदर्शन करता है। सौ से अधिक वर्षों से, जेके ऑर्गेनाइजेशन ने समुदायों की भलाई को अपने मिशन के केंद्र में रखा है।

## जिले के 101 अमृत सरोवर स्थलों में हुआ योगाभ्यास

**रायगढ़, 23 जून।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में जिले के 101 अमृत सरोवर स्थलों पर योगाभ्यास का आयोजन किया गया। जिले के अमृत सरोवर स्थलों पर प्रातः 6.30 बजे से सामूहिक योग सत्र आयोजित किए गए। शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक शांति और आध्यात्मिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में योग, प्राणायाम और ध्यान सत्र का शुभारंभ हुआ। जिसमें सभी आयु वर्ग के लोग शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने योग के विभिन्न आसनों को किए। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन का लक्ष्य था कि योग के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा दिया जाए, पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता लाना और सामुदायिक सहभागिता के साथ स्वच्छता को प्रोत्साहित किया जाए। यह आयोजन योग से स्वास्थ्य, स्वच्छता से समृद्धि और हरियाली से खुशहाली के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का एक प्रयास है।


**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 जिला-दुर्ग**

रा.प्र.क्र./202506104700040/ अ-6/2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है किः- आवेदिका श्रीमती समीना बेगम पिता-स्व. मो. मनसूर आलम निवासी - फरीद नगर कोहका भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मौजा- कचान्दुर प.ह.नं. 17, रा.नि.मं. - दुर्ग-01 स्थित भूमि खसरा नंबर -819/12, 131/10 रकबा 0.025, 0.022 हे. भूमि आवेदिका की माता के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के खातेदार स्व. नजमा बेगम पिता- मो. मनसूर आलम का स्वर्गवास दिनांक 05/10/2019 को हो जाने के कारण राजस्व अभिलेख से नाम विलोपित कर उनके विधिक वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने हेतु फौती नामांतरण आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 09/07/25 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 16/06/25 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

**जारी दिनांक- 16/06/2025**
**सुनवाई दिनांक-09/07/2025**

मुहर — **अति. तहसीलदार दुर्ग 01**

---

**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**

क्रमांक/1169/न.पा./रा.वि./2025-26
तिल्दा-नेवरा, दिनांक 23/06/25

**ईश्तहार-सूचना**

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री विनोद कुमार पिता श्री सुखीराम सतनामी वार्ड कं. 09 तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर निवासी द्वारा नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्र. 09 तिल्दा नेवरा जिला रायपुर में भूमि/भवन का सहमति पत्र एवं निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त शपथ पत्र के आधार पर भवन/भूमि वार्ड क्र. 20 में स्थित हैं नगर पालिका डिमांड पंजी में नाम दर्ज नहीं हैं। 300 वर्गफीट भूमि को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यलय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 23/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता है।

मुहर — **मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा**

---

**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**

क्रमांक/1167/न.पा./रा.वि./2025-26
तिल्दा-नेवरा, दिनांक 23/06/25

**ईश्तहार-सूचना**

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री नोहर सेन पिता श्री राम कृष्ण वार्ड क्रं. 20 तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर निवासी द्वारा नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्र. 21 तिल्दा नेवरा जिला रायपुर में भूमि/भवन का आपसी बटवारा एवं निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त शपथ पत्र के आधार पर भवन/भूमि वार्ड क्र. 19 में स्थित हैं नगर पालिका डिमांड पंजी में नाम दर्ज नहीं हैं। 375 वर्गफीट भूमि को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यलय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 23/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता है।

मुहर — **मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा**

---

**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**

क्रमांक/1165/न.पा./रा.वि./2025-26
तिल्दा-नेवरा, दिनांक 23/06/25

**ईश्तहार-सूचना**

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती श्रद्धा वर्मा पति अर्जुन वर्मा वार्ड क्रं. 20 तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर निवासी द्वारा नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्र. 20 तिल्दा नेवरा जिला रायपुर में भूमि/भवन का सहमति पत्र एवं निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त शपथ पत्र के आधार पर भवन/भूमि वार्ड क्र. 20 में स्थित हैं नगर पालिका डिमांड पंजी में नाम दर्ज नहीं हैं। खसरा नं. 558/80 रकबा 0.020 हे./2160 वर्गफीट भूमि को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यलय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 23/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता है।

मुहर — **मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा**

---

**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**

क्रमांक/1163/न.पा./रा.वि./2025-26
तिल्दा-नेवरा, दिनांक 23/06/25

**ईश्तहार-सूचना**

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री मोहम्मद इमतियाज पिता मोहम्मद इब्राहिम वार्ड क्रं. 01 तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर निवासी द्वारा नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्र. 22 तिल्दा नेवरा जिला रायपुर में भूमि/भवन का रजिस्ट्री पंजीयन एवं निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त शपथ पत्र के आधार पर भवन/भूमि वार्ड क्र. 22 में स्थित हैं नगर पालिका डिमांड पंजी में नाम दर्ज नहीं हैं। खसरा नं. 54/26 रकबा 0.014 हे. को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यलय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 23/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता है।

मुहर — **मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा**

---

**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**

क्रमांक/1161/न.पा./रा.वि./2025-26
तिल्दा-नेवरा, दिनांक 23/06/25

**ईश्तहार-सूचना**

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती धनेश्वरी जांगड़े पति अभिषेक जांगड़े वार्ड क्रं. 02 तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर निवासी द्वारा नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्र. 02 तिल्दा नेवरा जिला रायपुर में भूमि/भवन का आपसी बटवारा एवं निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त शपथ पत्र के आधार पर भवन/भूमि वार्ड क्र. 02 में स्थित हैं नगर पालिका डिमांड पंजी में नाम दर्ज नहीं हैं। 545 वर्गफुट को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यलय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 23/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता है।

मुहर — **मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा**

---

**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**

क्रमांक/1157 /न.पा./रा.वि./2025-26
तिल्दा-नेवरा, दिनांक 23/06/25

**ईश्तहार-सूचना**

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती अनिता निषाद पति अशोक निषाद वार्ड क्रं. 19 तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर निवासी द्वारा नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्र. 19 तिल्दा नेवरा जिला रायपुर में भूमि/भवन का मलमा बिक्रीनामा एवं निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त शपथ पत्र के आधार पर भवन/भूमि वार्ड क्र. 19 में स्थित हैं नगर पालिका डिमांड पंजी में नाम दर्ज नहीं हैं। 725 वर्गफुट को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यलय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 23/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता है।

मुहर — **मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा**

---

**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**

क्रमांक/1153/न.पा./रा.वि./2025-26
तिल्दा-नेवरा, दिनांक 23/06/25

**ईश्तहार-सूचना**

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री रामेश्वर प्रसाद यादव पिता श्री स्व. चैतराम यादव वार्ड क्रं. 04 तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर निवासी द्वारा नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्र. 09 तिल्दा नेवरा जिला रायपुर में भूमि/भवन का सहमति पत्र एवं निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त शपथ पत्र के आधार पर भवन/भूमि वार्ड क्र. 04 में स्थित हैं नगर पालिका डिमांड पंजी में नाम दर्ज नहीं हैं। प.ह.नं. 19 रा.नि.मं. व तहसील में स्थित है को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यलय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 23/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता है।

मुहर — **मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा**

---

**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**

क्रमांक/1155/न.पा./रा.वि./2025-26
तिल्दा-नेवरा, दिनांक 23/06/25

**ईश्तहार-सूचना**

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री तुकेश्वर कुमार निर्मलकर पिता रविशंकर निर्मलकर वार्ड क्रं. 06 तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर निवासी द्वारा नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्र. 06 तिल्दा नेवरा जिला रायपुर में भूमि/भवन का सहमति पत्र एवं निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त शपथ पत्र के आधार पर भवन/भूमि वार्ड क्र. 06 में स्थित हैं नगर पालिका डिमांड पंजी में नाम दर्ज नहीं हैं। नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यलय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 23/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता है।

मुहर — **मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा**

---

**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**

क्रमांक/1143/न.पा./रा.वि./2025-26
तिल्दा-नेवरा, दिनांक 23/06/25

**ईश्तहार-सूचना**

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री शिशमनी पिता विजय कुमार वार्ड क्रं. 22 तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर निवासी द्वारा नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्र. 09 तिल्दा नेवरा जिला रायपुर में भूमि/भवन का मलमा बिक्री इकरारनामा एवं निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त शपथ पत्र के आधार पर भवन/भूमि वार्ड क्र. 20 में स्थित हैं नगर पालिका डिमांड पंजी में नाम दर्ज नहीं हैं। 1500 वर्गफीट भूमि को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यलय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 23/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता है।

मुहर — **मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा**

---

**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**

क्रमांक/1145/न.पा./रा.वि./2025-26
तिल्दा-नेवरा, दिनांक 23/06/25

**ईश्तहार-सूचना**

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती राजेन्द्र देवकी गोस्वामी पति श्री राजेन्द्र गिरी वार्ड क्रं. 03 तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर निवासी द्वारा नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्र. 09 तिल्दा नेवरा जिला रायपुर में भूमि/भवन का मकान मलमा बिक्री इकरारनामा एवं निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त शपथ पत्र के आधार पर भवन/भूमि वार्ड क्र. 12 में स्थित हैं नगर पालिका डिमांड पंजी में नाम दर्ज नहीं हैं। प.ह.नं. 19 रा.नि.मं. 1280 वर्गफीट भूमि को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यलय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 23/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता है।

मुहर — **मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा**

---

**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**

क्रमांक/1147/न.पा./रा.वि./2025-26
तिल्दा-नेवरा, दिनांक 23/06/25

**ईश्तहार-सूचना**

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री राजू चौधरी पिता फूलचंद चौधरी वार्ड क्रं. 12 तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर निवासी द्वारा नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्र. 09 तिल्दा नेवरा जिला रायपुर में भूमि/भवन का मकान मलमा बिक्री इकरारनामा एवं निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त शपथ पत्र के आधार पर भवन/भूमि वार्ड क्र. 12 में स्थित हैं नगर पालिका डिमांड पंजी में नाम दर्ज नहीं हैं। प.ह.नं. 18 रा.नि.मं. 626 वर्गफीट भूमि को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यलय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 23/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता है।

मुहर — **मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा**

---

**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**

क्रमांक/1151/न.पा./रा.वि./2025-26
तिल्दा-नेवरा, दिनांक 23/06/25

**ईश्तहार-सूचना**

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहम्मद जुर्नद पिता जलालुददीन वार्ड क्रं. 13 तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर निवासी द्वारा नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्र. 13 तिल्दा नेवरा जिला रायपुर में भूमि/भवन का सहमति पत्र एवं निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त शपथ पत्र के आधार पर भवन/भूमि वार्ड क्र. 13 में स्थित हैं नगर पालिका डिमांड पंजी में नाम दर्ज नहीं हैं। प.ह.नं. 19 रा.नि.मं. व तहसील तिल्दा-नेवरा में स्थित है, को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यलय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 23/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता है।

मुहर — **मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा**

---

**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**

क्रमांक/1139/न.पा./रा.वि./2025-26
तिल्दा-नेवरा, दिनांक 23/06/25

**ईश्तहार-सूचना**

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती चंपा पटेल पति फूलसिंग पटेल वार्ड क्रं. 02 तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर निवासी द्वारा नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्र. 09 तिल्दा नेवरा जिला रायपुर में भूमि/भवन का आपसी बटवारा नामा एवं निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त शपथ पत्र के आधार पर भवन/भूमि वार्ड क्र. 02 में स्थित हैं नगर पालिका डिमांड पंजी में नाम दर्ज नहीं हैं। 12000 वर्गफीट को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यलय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 23/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता है।

मुहर — **मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा**

---

**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**

क्रमांक/1141/न.पा./रा.वि./2025-26
तिल्दा-नेवरा, दिनांक 23/06/25

**ईश्तहार-सूचना**

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री ओमप्रकाश भोजवानी पिता श्री धरमदास भोजवानी वार्ड क्रं. 13 तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर निवासी द्वारा नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्र. 13 तिल्दा नेवरा जिला रायपुर में भूमि/भवन का आपसी बटवारा नामा एवं निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त शपथ पत्र के आधार पर भवन/भूमि वार्ड क्र. 13 में स्थित हैं नगर पालिका डिमांड पंजी में नाम दर्ज नहीं हैं। 2742 वर्गफीट भूमि को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यलय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 23/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता है।

मुहर — **मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा**

केंद्रीय गृह मंत्री ने नक्सलवाद पर छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, झारखंड और ओडिशा के डीजीपी, एडीजीपी व वरिष्ठ अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

# बरसात में चैन की नींद नहीं सो पाएंगे नक्सली, जारी रहेगा ऑपरेशन:शाह

**रायपुर, 23 जून।** केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि नक्सलियों से अपील है कि वे समर्पण नीति का लाभ उठाएं और हथियार डालकर मुख्यधारा में शामिल हों।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नक्सलवाद पर छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, झारखंड और ओडिशा के डीजीपी/एडीजीपी एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ रायपुर में समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि पिछले डेढ़ साल में विष्णुदेव जी की सरकार और उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा जी की सबसे बड़ी उपलब्धि है कि उन्होंने एक रुके हुए नक्सल विरोधी अभियान को द्रुत गति से चलाया और राज्य को नक्सलवाद से मुक्त करने की दिशा में आगे बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि विष्णुदेव जी और विजय शर्मा जी ने नक्सलविरोधी अभियानों को न सिर्फ धार दी, बल्कि समय-समय पर इस अभियान का मार्गदर्शन किया, सुरक्षाबलों का हौंसला भी बढ़ाया और संपूर्णता के साथ इस लड़ाई में बहुत बड़ा योगदान दिया है।



केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने विश्वास के साथ दोहराया कि 31 मार्च, 2026 तक देश नक्सलवाद से पूरी तरह से मुक्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि जिस तरह से हमारे सुरक्षाबलों ने पराक्रम दिखाया है और सूचना एजेंसियों ने सटीक रणनीति बनाई है, उसके आधार पर हम इस लक्ष्य को अवश्य प्राप्त कर लेंगे। उन्होंने कहा कि हर वर्ष बारिश के मौसम में आराम करने वाले नक्सली इस बरसात में चैन की नींद नहीं सो पाएँगे क्योंकि हमारे सुरक्षाबलों का ऑपरेशन जारी रहेगा।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने नक्सलवाद के रास्ते पर भटक कर गए सभी युवाओं से हथियार डालकर राज्य सरकार की आत्मसमर्पण नीति का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि उन्हें विकास यात्रा में जुड़ने का इससे अच्छा मौका नहीं मिलेगा। शाह ने कहा कि हिंसा के रास्ते पर चल रहे युवा सरकार पर भरोसा करें और समाज की मुख्यधारा में शामिल हों। इस तरह वे अपने आप देश की विकास यात्रा के साथ जुड़ जाएंगे। शाह ने कहा कि सरकार ने सरेंडर करने वाले नक्सलियों से जो वायदा किया है, उसे पूरा किया जाएगा और उससे अधिक सहायता करने का प्रयास भी किया जाएगा।

## समाचार संक्षेप

### खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांचने प्रशासन की टीम ने होटलों व ढाबों में दी दबिश



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 23 जून।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार बारिश के मौसम में खाद्य जनित बीमारियों की रोकथाम हेतु खाद्य एवं औषधि प्रशासन टीम द्वारा जिले के विभिन्न स्थानों के होटल, ढाबों, होलसेलर, रिटेलर, मिठाई दुकानों में विधिक एवं सर्विलांस नमूना जांच की जा रही है। इसी क्रम में शनिवार को 5 प्रतिष्ठानों में दबिश देकर खाद्य पदार्थों की जांच की गई तथा सैम्पल लेकर जाँच हेतु राज्य प्रयोगशाला एवं अन्य लैब भेजा गया।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी उमेश वर्मा ने बताया कि जांच टीम के द्वारा रवान में शुभम किराना से कुकीज़ एवं आटा सहित 5 खाद्य पदार्थों की जांच व सैम्पल ली गई। इसीतरह लवन में कृष्णा स्वीट्स से 2 प्रकार का यूज्ड कुकिंग ऑयल,भाटापारा में हुसैनी सेल्स से चाय पत्ती, ओट्स, बिस्किट्स, कॉर्न फ्लैक्स,श्री गुरुनानक होटल से राइस कुक्ड, खाद्य तेल, चिकन करी, यूज्ड कुकिंग ऑयल,लाहौद में नॉन स्टॉप ढाबा से लाहौरी जीरा कोल्डड्रिंक, कॉपर वाटर ,अरहर दाल, छोले चना सैंपल लेकर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला एवं अन्य लैब भेजा गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर आगामी कार्यवाही की जाएगी।

### दिलीप वर्मा बने इंटक यूनियन के अध्यक्ष



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 23 जून।** नुवोको विस्टास कोर्प लिमिटेड सीमेंट प्लांट आरसमेटा गोपाल नगर जिला जांजगीर चांपा के सीमेंट प्लांट व पेकिंग प्लांट के श्रमिको ने इंटक यूनियन मे नए पदाधिकारियों का गठन किया गया है ।

जिसमे छत्तीसगढ़ के मजदुर नेता दिलीप कुमार वर्मा को अध्यक्ष बनाया है साथ ही उपाध्यक्ष व्यास नारायण रात्रे, महासचिव पुरुषोत्तम राय, सलाहकार चिंतामणि डोंगरे, चितेंद्र वर्मा, थनवार वर्मा , राधे श्याम भतपहरे, संरक्षक तिजराम राठिया, कोषाध्यक्ष लाल लहरिया, सचिव जमुना प्रसाद ओगरे, कार्यकारिणी सदस्य इतवारी खड़ेकर, जगमोहनेस्वर रात्रे, जोगेंद्र ओगरे, शत्रुहन बंजारे, अजीत सोनवानी, नरेश बंजारे, कोमल खंडेकर , राजेश नायक संघ मे है।

श्रमिक संघ इंटक के अध्यक्ष दिलीप कुमार वर्मा ने बताया की श्रमिको के साथ बहुत ही शोषण किया जा रहा है पूरे महीना श्रमिको को काम नही दिया जा रहा है कारखाना अधिनियन 1948 का पालन नही किया जा रहा है संयंत्र अपनी मनमानी कर रहा है कंपनी अपने अड़ियल रैवये को नही सुधारा तो बहुत जल्द ही हड़ताल किया जाएगा जिसमे छेत्रीय संघो का समर्थन लिया जा रहा है।

## एक नजर

### सड़क हादसे में दो लोगों की मौत, एक घायल

**कोरबा, 23 जून।** करतला ब्लॉक के सकदुक्ला क्षेत्र में हुई दुर्घटना में तीन लोग में से दो की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई और एक गंभीर घायल बताया जा रहा हैं। बताया जा रहा हैं की दुर्घटना शनिवार की शाम 4 बजे के आस-पास घटित हुई। हादसा कैसे हुआ, और पीड़ित कहाँ के रहने वाले हैं, इस बारे में अभी जानकारी नहीं मिल सकी है। पुलिस मौके पर पहुंचकर घायलों को चिकित्सालय ले गई, जहां चिकित्सको ने परीक्षण उपरांत दो की मृत्यु हो जाने की पुष्टि की। वही दुर्घटना में घायल व्यक्ति का इलाज जारी है, पुलिस मृतकों और घायल की पहचान के प्रयास में जुटी हुई है। स्थानीय लोग भी घटनास्थल के आसपास जुटे हैं, लेकिन स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है।

### खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने कई फर्मों पर लगाया जुर्माना

**कोरबा, 23 जून।** जिले में खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई में कई फर्मों और व्यक्तियों पर जुर्माना लगाया गया है। सभी फर्मों पर कार्यवाही संघर्ष कुमार मिश्रा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी कोरबा द्वारा की गई हैं। श्री मिश्रा ने कहा की आगे भी इस प्रकार की जांच निरंतर की जायेगी, उपभोक्ता को बाजार में सही उत्पाद मिलने चाहिए ताकि उनका स्वास्थ्य खराब न हो।

### अवैध चखना सेंटर व सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों पर पुलिस ने कार्रवाई

**बलौदाबाजार-भाटापारा, 23 जून।** जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस टीम ने होटल, ढाबा, ठेला एवं सड़क किनारे चखना सेंटरों पर छापामार कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से शराब पिलाने और सार्वजनिक स्थलों पर शराब पीने की सुविधा देने वाले कुल 08 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इन आरोपियों पर आबकारी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत विधिवत कार्रवाई की गई। पुलिस ने स्पष्ट किया कि इस प्रकार की अवैध गतिविधियों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी इस तरह की सतत कार्यवाही जारी रहेगी। गिरफ्तार आरोपियों में सुरेश चेलक (23) ग्राम खिलोरा, योगेश पलिया (20), ग्राम चिचपोल, मुकेश वर्मा (25), ग्राम मोतीपुर, हेमलाल साहू (34), ग्राम मोतीपुर, सोमनाथ मारकण्डेय (58), ग्राम रोहांसी, राजेंद्र सोनवानी 55), ग्राम वटगन, गेंदराम टंडन (48), ग्राम वटगन व तीजराम वर्मा (46), ग्राम टीला है। जिला पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि यदि कहीं भी इस प्रकार की अवैध गतिविधियां संचालित होते हुए दिखाई दें तो तत्काल पुलिस को सूचित करें, ताकि समय रहते कठोर कार्रवाई की जा सके।

### बालिका के अपहरण का मामला, संदेही से पुलिस ने की पूछताछ

**कोरबा, 23 जून।** जिले के सिविल लाइन क्षेत्र से एक नाबालिग बालिका के अपहरण की चौंकाने वाली घटना सामने आई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अपहरण की धारा के तहत अपराध दर्ज किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए नगर पुलिस अधीक्षक भूषण एक्का के नेतृत्व में एक विशेष जांच टीम गठित की गई। इस टीम ने देर रात तक चली तलाशी के बाद संदेही आरोपी दशरथ सिदार (19 वर्ष), पिता प्रताप सिदार, निवासी पोडिबहार, को हिरासत में लिया। वर्तमान में पुलिस द्वारा संदेही से गहन पूछताछ की जा रही है ताकि अपहरण के कारणों और परिस्थितियों का खुलासा हो सके। इस घटना ने स्थानीय समुदाय में दहशत और आक्रोश पैदा कर दिया है, और लोग पुलिस से शीघ्र कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

### लोकमाता अहिल्या के जीवन को चित्रों में उकेरा कलाकारों ने

**कोरबा, 23 जून।** संपूर्ण देश में पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी जयंती पर विशेष कार्यक्रम किये गये। इसी कड़ी में संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार की संस्था दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र नागपुर द्वारा छत्तीसगढ़ में चित्रकला का विशिष्ट आयोजन देखने को मिला। संस्कार भारती छत्तीसगढ़ के प्रस्ताव पर दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र नागपुर की निदेशक श्रीमती आस्था कारलेकर द्वारा लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के जीवन पर आधारित 51 चित्रों की एक प्रदर्शनी निर्माण करने की स्वीकृति सहर्ष प्रदान की। संस्कार भारती ने रायपुर, कोरबा, भिलाई, राजनांदगांव, जशपुर, रामानुजगंज, बिलासपुर सहित अनेक स्थानों पर प्रदर्शनी लगाई। हजारों लोगों ने इसका अवलोकन किया।बिलासपुर में इस प्रदर्शनी का अवलोकन प्रदेश के कल्याण आश्रमों में रहने वाले 10 वीं ,11 वीं और 12 वीं में पढने वाले लगभग 200 आदिवासी छात्र-छात्राओं ने किया।

# 'एनएफएसयू व सीएफएसएल की शुरुआत से मध्य भारत का क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम मजबूत होगा'

■ केन्द्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नवा रायपुर में किया एनएफएसयू और सीएफएसएल परिसर का शिलान्यास एवं एनएफएसयू रायपुर के अस्थायी परिसर का ई-उद्घाटन



**रायपुर, 23 जून।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ के रायपुर में नेशनल फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी (ह्स्न्स) और सेन्ट्रल फॉरेंसिक साइंस लैबोरेट्री (ष्ह्स्रु) के रायपुर परिसर का शिलान्यास एवं एनएफएसयू रायपुर के अस्थाई परिसर का ई-उद्घाटन किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, केन्द्रीय गृह सचिव और निदेशक, आसूचना ब्यूरो सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

अपने संबोधन में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ के क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम के लिए बहुत महत्वपूर्ण दिन है क्योंकि इस सिस्टम को आधुनिक बनाने के लिए तीन नई शुरूआत हो रही हैं। उन्होंने कहा कि आज शुरू हुई तीनों पहल आने वाले दिनों में न सिर्फ छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे मध्य भारत के क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम को आधार देने का काम करेंगी।

श्री अमित शाह ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ आई हब का भी उद्घाटन हुआ है। छत्तीसगढ़ के युवाओं के एमएसएमई उद्योगपति बनने और खुद का स्टार्टअप विकसित करने से प्रदेश में अधिक निवेश के मौके बनेंगे और छत्तीसगढ़ औद्योगिक क्रांति की दिशा में तेज रफ्तार से आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि आई हब की शुरूआत के साथ छत्तीसगढ़ के युवाओं को बड़ा प्लेटफॉर्म मिलने जा रहा है। शाह ने कहा कि आज यहां 145 करोड़ रूपए की लागत से एनएफएसयू का कैंपस और 123 करोड़ रूपए की लागत से सीएफएसएल बनने जा रहे हैं, जिनकी कुल लागत 268 करोड़ रूपए है। इस प्रकार से फॉरेंसिक साइंस के उच्चतम संस्थान अब नया रायपुर में आ जाएंगे। उन्होंने कहा कि एनएफएसयू से ग्रेजुएशन का मतलब है नौकरी की पक्की गारंटी और एनएफएसयू शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ की प्रगति में सहयोग देगा।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि यह वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी का शताब्दी वर्ष है और छत्तीसगढ़ के निर्माण का पूरा श्रेय श्रद्धेय अटलजी को जाता है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ बनने के बाद इसे संवारने का पूरा श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को जाता है। शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ अपना 25वां स्थापना वर्ष मना रहा है और छत्तीसगढ़ सरकार ने इस वर्ष को अटल निर्माण वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय किया है। शाह ने कहा कि आने वाले दिनों में सबसे आधुनिक और हरित राजधानियों में नया रायपुर भी शामिल होगा।

अमित शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ में तीन नए आपराधिक कानूनों पर पूर्ण अमल के लिए राज्य सरकार ने बहुत अच्छा काम किया है। उन्होंने कहा कि नए आपराधिक कानूनों के पूरी तरह लागू होने के बाद देश के किसी भी कोने में दर्ज स्नद्बक्र में तीन साल में फरियादी और पीड़ित को सुप्रीम कोर्ट तक न्याय मिल सकेगा। गृह मंत्री ने कहा कि तीन नए कानून पूरी तरह से लागू होने के बाद हमारा क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम दुनिया का सबसे आधुनिक सिस्टम बन जाएगा और हम एविडेंस बेस्ड क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम के युग में प्रवेश करेंगे। शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने तीन नए आपराधिक कानूनों से एक आधुनिक, त्वरित और वैज्ञानिक न्याय प्रणाली बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी का विज़न बहुत स्पष्ट है कि 2047 तक विकसित भारत का निर्माण सिर्फ इन्फ्रास्ट्रक्चर, इंडस्ट्री, इनोवेशन और आर्थिक विकास से जुड़ा नहीं है, बल्कि इसमें समय पर न्याय मिलना भी शामिल है।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि जहां वैज्ञानिक प्रमाण होता है वहीं सटीक परिणाम आता है और फ़ोरेंसिक साइंस लैबोरेटरी (स्न्स्रु) की मदद से आने वाले दिनों में भारत दोषसिद्धि की दर में विश्व के अग्रणी देशों में शामिल होगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार 160 साल पुराने औपनिवेशिक कानूनों को समाप्त कर जो नए आपराधिक कानून लाई है, उनमें सात साल की सज़ा से अधिक वाले सभी अपराधों में फॉरेंसिक साइंस टीम की विज़िट अनिवार्य की गई है। यह बताता है कि फ़ॉरेंसिक साइंस के क्षेत्र में हमारे देश में कितनी अपार संभावनाएं मौजूद हैं।

अमित शाह ने कहा कि एनएफएसयू की स्थापना के बाद बहुत कम समय में ही 16 परिसर शुरू हो गए हैं, जिनमें 7 स्थापित और 9 स्वीकृत हैं, साथ ही 10 अतिरिक्त परिसर भी प्रस्तावित हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार देश के 26 बड़े स्थानों पर एनएफएसयू का विस्तार करने जा रही है। इनके पूर्ण रूप से विकसित हो जाने के बाद आने वाले वर्षों में हमें हर साल 32 हज़ार फॉरेंसिक विशेषज्ञ प्राप्त होंगे। गृह मंत्री ने कहा कि एक सर्वे के अनुसार दुनिया का फॉरेंसिक तकनीक का बाज़ार 20 बिलियन डॉलर का है जो 13 प्रतिशत कंपाउंड एनुअल ग्रोथ रेट के साथ 2036 तक 55 बिलियन डॉलर का हो जाएगा और इसमें भारत का हिस्सा 9 प्रतिशत रहने की संभावना की गई है।

### तरौद में उल्टी-दस्त से युवक की मौत सीएमएचओ की टिप्पणी से भड़के लोग

**बालोद, 23 जून।** जिले के ग्राम तरौद में उल्टी-दस्त की बीमारी ने गंभीर रूप ले लिया है। शुक्रवार को इस बीमारी की चपेट में आकर 40 वर्षीय मोहित निषाद की मौत हो गई, जबकि गांव के 30 से अधिक लोग इसकी चपेट में हैं। चार लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। स्वास्थ्य विभाग ने स्थिति को देखते हुए गांव में विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाया है। स्वास्थ्य शिविर के दौरान एक विवाद खड़ा हो गया, जब मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश सूर्यवंशी की एक टिप्पणी से ग्रामीणों की भावनाएं आहत हो गईं। मृतक के चाचा बिट्ठल निषाद (65) को ह्रक्र का पैकेट देते समय डॉ. सूर्यवंशी ने कहा कि इसे शराब में मिलाकर न पीएं। इस टिप्पणी को ग्रामीणों ने अपमानजनक समझा और नाराज होकर विरोध जताना शुरू कर दिया। ग्रामीणों के बढ़ते गुस्से को देखते हुए ष्टरूह्र को कैमरे के सामने सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी पड़ी। इस घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। फिलहाल गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीम कैंप लगाए हुए है और बीमार लोगों का उपचार जारी है। प्रशासन ने हालात पर नजर बनाए रखने की बात कही है।

## नशामुक्त भारत पखवाड़ा का आयोजन कर

# पुलिस ने लोगों को नशे के दुष्परिणाम बताए

**धमतरी, 23 जून।** पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के निर्देशन में धमतरी पुलिस द्वारा नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के अंतर्गत जन-जागरूकता अभियान निरंतर चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना मेचका और पुलिस चौकी करेलीबड़ी की टीमों ने सुदूर वनांचल ग्राम अरसी कन्हार एवं बुडेनी-हसदा में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए।





**ग्राम अरसी कन्हार में नशा मुक्ति का संदेश :** ग्राम अरसी कन्हार में आयोजित कार्यक्रम में थाना प्रभारी मेचका ने ग्रामीणों को नशे से होने वाले गंभीर दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नशा व्यक्ति की सोचने-समझने की शक्ति को समाप्त कर देता है, जिससे न केवल उसका स्वास्थ्य बिगड़ता है, बल्कि पारिवारिक, सामाजिक और आर्थिक जीवन भी प्रभावित होता है। नशे की लत युवाओं को अपराध, बेरोजगारी और आत्महत्या जैसे खतरनाक रास्तों की ओर ले जाती है। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को सामूहिक रूप से नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई और उन्हें सकारात्मक जीवनशैली अपनाने हेतु प्रेरित किया गया।

**बुडेनी-हसदा विद्यालय में छात्रों को दी गई साइबर जागरूकता की जानकारी:** दूसरा कार्यक्रम बुडेनी एवं हसदा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संपन्न हुआ, जिसमें करेलीबड़ी पुलिस चौकी की टीम ने छात्र-छात्राओं को नशा उन्मूलन के साथ-साथ साइबर अपराधों से सतर्क रहने की जानकारी दी। छात्रों को बताया गया कि कैसे फेक कॉल, ओटीपी फ्रॉड, सोशल मीडिया हैकिंग और फर्जी नौकरी या लॉटरी जैसे ऑनलाइन ठग उन्हें निशाना बना सकते हैं। इसके प्रति सतर्क रहने और जागरूकता फैलाने की जिम्मेदारी भी सौंपी गई। अंत में सभी विद्यार्थियों व शिक्षकों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। धमतरी पुलिस का यह अभियान केवल नशे से मुक्ति की पहल नहीं है, बल्कि साइबर सुरक्षा की दिशा में भी एक ठोस प्रयास है। पुलिस अधीक्षक श्री परिहार ने जानकारी दी कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम जिले के अन्य ग्रामों में भी लगातार जारी रहेंगे।

### एनटीपीसी कोरबा में ओवरहॉलिंग सेफ्टी कंट्रोल रूम का उद्घाटन

**कोरबा, 23 जून।** एनटीपीसी कोरबा में आज सुरक्षा और परिचालन दक्षता को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अत्याधुनिक 24इ7 ओवरहॉलिंग सेफ्टी कंट्रोल रूम का उद्घाटन किया गया। इस नियंत्रण कक्ष का उद्घाटन राजीव खन्ना, कार्यकारी निदेशक द्वाराविभास घटक, महाप्रबंधक की उपस्थिति में किया गया। यह नियंत्रण कक्ष सीसीटीवी निगरानी प्रणाली और पब्लिक एड्रेस सिस्टम से सुसज्जित है, जो ओवरहॉलिंग अवधि के दौरान संयंत्र के विभिन्न क्षेत्रों की 24 घंटे निगरानी की सुविधा प्रदान करता है। इस पहल का उद्देश्य जोखिमों की त्वरित पहचान, संचार में तेजी, और बेहतर समन्वय स्थापित करना है जिससे ओवरहॉलिंग के दौरान पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर श्री राजीव खन्ना ने एनटीपीसी कोरबा द्वारा सर्वोत्तम सुरक्षा उपायों को अपनाने और तकनीकी उन्नयन के माध्यम से कार्यस्थल की सुरक्षा को प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने संचालन एवं अनुरक्षण विभाग की इस पहल की सराहना की। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के प्रमुख एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे, जिन्होंने इस नई व्यवस्था को संयंत्र की सुरक्षा संरचना को सशक्त करने की दिशा में एक अहम कदम बताया।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आयोजित की संगोष्ठी

# जम्मू-कश्मीर को भारत का पूर्ण अंग बनाना चाहते मुखर्जी : मरकाम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नगरी, 23 जून।** एकात्म वाद के पुरोधा व जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी मुर्ती पर भाजपाईयों के द्वारा माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई वार्ड उक्त अवसर पर पूर्व विधायक श्रवण मरकाम ने डाक्टर मुखर्जी संगठन व राजनीतिक योगदान को बताते हुए कहा मुखर्जी जम्मू-कश्मीर को भारत का पूर्ण और अभिन्न अंग बनाना चाहते थे। संसद में अपने भाषण में उन्होंनें धारा-370 को समाप्त करने की भी जोरदार वकालत की। अगस्त 1952 में जम्मू कश्मीर की विशाल रैली में उन्होंने अपना संकल्प व्यक्त किया था कि ''या तो मैं आपको भारतीय संविधान प्राप्त कराऊंगा या फिर इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये अपना जीवन बलिदान कर दूंगा''। डॉ. मुखर्जी अपने संकल्प को पूरा करने के लिये 1953 में बिना परमिट लिये जम्मू-कश्मीर की यात्रा पर निकल पड़े। वहां पहुंचते ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने कश्मीर को लेकर एक नारा दिया था,नहीं चलेगा एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान साथ ही पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नागेन्द्र शुक्ला ने भी अपने बातों को रखते हुए श्यामा प्रसाद के जीवनी के बारे में बताया। और पूर्व मंडल अध्यक्ष मोहन नाहटा ने भी श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन परिचय पर प्रकाश डालते हुए संगठन के लिए किया गया समस्त कार्यों को लोगों तक पहुंचाने का काम किया।



इस अवसर पर श्रवण मरकाम पूर्व विधायक सिहावा, बलजीत सिंह छाबड़ा मंडल अध्यक्ष नगरी व नगर पंचायत अध्यक्ष नगरी, नागेन्द्र शुक्ला पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष, मोहन नाहटा पूर्व मंडल अध्यक्ष, रूपेंद्र साहू भारतीय जनता पार्टी मंडल नगरी के वार्ड नंबर 02 में आज डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संगोष्ठी आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम पर सर्वप्रथम पूर्व विधायक श्रवण मरकाम ने एकात्म वाद के पुरोधा व जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के संगठन व राजनीतिक योगदान को बताते हुए कहा मुखर्जी जम्मू-कश्मीर को भारत का पूर्ण और अभिन्न अंग बनाना चाहते थे। संसद में अपने भाषण में उन्होंनें धारा-370 को समाप्त करने की भी जोरदार वकालत की। अगस्त 1952 में जम्मू कश्मीर की विशाल रैली में उन्होंने अपना संकल्प व्यक्त किया था कि ''या तो मैं आपको भारतीय संविधान प्राप्त कराऊंगा या फिर इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये अपना जीवन बलिदान कर दूंगा''। डॉ. मुखर्जी अपने संकल्प को पूरा करने के लिये 1953 में बिना परमिट लिये जम्मू-कश्मीर की यात्रा पर निकल पड़े। वहां पहुंचते ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने कश्मीर को लेकर एक नारा दिया था,नहीं चलेगा एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान साथ ही पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नागेन्द्र शुक्ला ने भी अपने बातों को रखते हुए श्यामा प्रसाद के जीवनी के बारे में बताया। और पूर्व मंडल अध्यक्ष मोहन नाहटा ने भी श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन परिचय पर प्रकाश डालते हुए संगठन के लिए किया गया समस्त कार्यों को लोगों तक पहुंचाने का काम किया।

### आत्मसमर्पित नक्सली और ग्रामीण की हत्या, इलाके में दहशत

**बीजापुर, 25 जून।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दौरे से पहले बीजापुर जिले में नक्सलियों ने एक बार फिर कायराना हरकत को अंजाम दिया है। जिले के पामेड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत यमपुर सैंड्रा बोर गांव में नक्सलियों ने आत्मसमर्पित नक्सली और एक ग्रामीण की निर्मम हत्या कर दी। घटना के बाद से क्षेत्र में भय का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीती रात नक्सलियों ने गांव में धावा बोला और पूर्व माओवादी वेको देवा एवं एक ग्रामीण समैया को मुखबिरी के संदेह में मौत के घाट उतार दिया। दोनों को घर से निकालकर उनकी बेरहमी से हत्या की गई। बीजापुर एसपी डॉ. जितेंद्र यादव ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि उन्हें इस वारदात की सूचना मिली है। मामले की जांच के लिए टीम को मौके पर रवाना कर दिया गया है।

## एक नजर

### अलग-अलग क्षेत्र से दो दोपहिया वाहन पार

**रायपुर, 23 जून।** अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सिवनी निवासी डिगेश्वर टंडन 23 वर्ष ने मुजगहन थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोड़कर आंगन में खड़ी बाइक सीजी 04 एनडी 1806 को पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले में कचना निवासी हितेन्द्र कुमार कर्नल 37 वर्ष ने विधानसभा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एमएम 0472 को आमासिवनी शराब दुकान के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

**रायपुर, 23 जून।** तेलीबांधा पुलिस ने चाकू लहराते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार तेलीबांधा पुलिस को सूचना मिली कि गंगा नगर देवार बस्ती में एक युवक चाकू लेकर आम लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी मोहन साहू 19 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त कर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### छत्तीसगढ़ वाणिज्यिक कर विभाग में बड़ा फेरबदल, 28 अधिकारियों का किया गया तबादला

**रायपुर, 23 जून।** छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्यिक कर विभाग ने 23 जून 2025 को एक बड़ा प्रशासनिक आदेश जारी करते हुए राज्यभर के 28 वाणिज्यिक कर अधिकारियों का तबादला किया है।

यह तबादले विभागीय अनुशासन, प्रशासनिक सुचारू संचालन और दक्षता को ध्यान में रखते हुए तत्काल प्रभाव से लागू किए गए हैं। जारी आदेश के तहत सहायक आयुक्त और संयुक्त आयुक्त स्तर के कुल 28 अधिकारियों को इधर-उधर किया गया है। इनमें से कुछ अधिकारियों को संयुक्त आयुक्त (राज्य कर) के रूप में पदस्थ किया गया है, जबकि कुछ को राज्य कर अधिकारी (BIU) और ऑडिट शाखा की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# जुलाई से महंगी हो सकती है बिजली

## घरेलू, गैर घरेलू, उच्च दाब, निम्न दाब की दरें बढ़ने की संभावना

**रायपुर, 23 जून।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग छग राज्य विद्युत कंपनियों द्वारा वर्ष 25-26 के लिए विद्युत दर पुनरीक्षण की याचिकाओं पर पुनः 30 जून को सुनवाई करेगा। सुनवाई के पश्चात पावर कंपनियों को हो रही घाटे में हो रही नई विद्युत दरों का झटका विद्युत उपभोक्ताओं पर पड़ेगा।

मिली जानकारी के अनुसार विद्युत कंपनियों की चार महत्वपूर्ण कंपनियां है जिनमें जीएसपी जीडीसीएल, टीसीएल तथा एसएलसी ने विद्युत दरों को बढ़ाने के लिए याचिकाएं बढ़ाई है जिसपर 30 जून को सुनवाई हो चुकी है जिसमें घरेलू गैर घरेलू उद्योग निम्न दाब उच्च दाब के उपभोक्ताओं से सुनवाई की गई है। कांग्रेस ने विद्युत दरों को बढ़ाने का विरोध किया है। कांग्रेस के पूर्व विधायक सत्यनारायण शर्मा ने भी करोड़ों रुपये की लागत से बनने वाले भवन का विरोध किया है यह भवन नई राजधानी में बनाया जाएगा। आयोग के सचिव द्वारा मिली जानकारी के अनुसार 30 जून को 11.30 बजे से लेकर 4.30 बजे तक जनसुनवाई का निर्णय लिया गया है। सचिव द्वारा जारी आदेशानुसार छग राज्य विद्युत नियामक आयोग सिंचाई कालोनी शांतिनगर में याचिकाओं की सुनवाई की जाएगी। आयोग की वेबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू सीएसईआरसी जीओवी इन पर उपलब्ध कराई गई है। यह याचिकाएं याचिका कर्ता की वेबसाइट पर उपलब्ध है। इच्छुक व्यक्ति चाहे तो जनवाई तक अपना निजी आपत्ति अथवा सुझाव ईमेल आईडी एनआईसी की वेबसाइट पर उपलब्ध है। इस अवसर पर अध्यक्ष सचिव सहित दो नये सदस्य राजेश जनौद वाले एवं अजय सिंह उपस्थित रहेंगे।



### कंपनियां घाटे में, उपभोक्ताओं पर पड़ेगा भार

छग की कई विद्युत कंपनियां घाटे में चल रही है। इन कंपनियों को 4560 करोड़ का घाटा हुआ है। इसलिए 1760 करोड़ की जरूरत है। कंपनियों ने ट्रांसमीशन लाश बढ़ते ईंधन की दरों को देखते हुए विद्युत दर बढ़ाने का आवेदन दिया है। चैंबर ने अपनी आपत्ति जताई है। अध्यक्ष सतीश थौरानी ने बताया कि इसका सीधा असर उपभोक्ताओं पर पड़ेगा।

# राशन दुकानदारों की प्रदेशव्यापी हड़ताल 24 से



### कमीशन एवं क्षति की राशि बढ़ाने की मांग

**रायपुर, 23 जून।** शासकीय राशन दुकानदार एवं विक्रेता कल्याण संघ ने 24 जून से प्रदेशव्यापी हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है। संघ ने सरकार को चेतावनी दी है कि यदि व्यवस्था नहीं सुधरी को अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले जाएंगे।

शासकीय दुकानदार संघ के महासचिव विजय कुमार घृतलहरे ने बताया कि छग राज्य में सार्वजनिक वितरण प्रणाली योजनाओं को लागू किया गया है जिसमें मध्याह्न भोजन रिफाईनरी अमृत नमक शक्कर गुड चना, मिट्टी तेल तथा चावल का वितरण दुकानदारों के माध्यम से किया जाता है। उन्होंने बताया कि हम 20 वर्ष से बहुत कम कमीशन में चावल वितरण कर रहे हैं। चावल में 20 क्विंटल तथा अन्य में भी कमीशन कम दिया जाता है। शक्कर में पांच रुपये प्रति क्विंटल दिया जाता है सरकार द्वारा कमीशन का निर्धारण नहीं किया गया है इसे बढ़ाया जाए। राशन कल्याण संघ ने खाद्य मंत्री को भी एक ज्ञापन दिया है।

**ई पाशमशीन में गड़बड़ी उपभोक्ताओं एवं दुकानदारों में मारपीट**
-महासचिव विजय कुमार ने बताया कि राज्य में इस समय गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले को यूनिट के आधार पर 105 किलो 106 किलो 150 किलो चावल दिया जा रहा है लेकिन ई पाश मशीन की गड़बड़ी के कारण उपभोक्ता एंव दुकानदारों में मारपीट हो रही है जिसके कारण दुकानदार असुरक्षित है। पूरे प्रदेश में 13 हजार 9 सौ राशन दुकान है तथा 81 लाख राशन उपभोक्ता है। राशन दुकान भंडार में क्षति होती है महासचिव के अनुसार दुकानदारों को भी एक प्रतिशत हैंडलिंग क्षति दी जाए। संघ ने चेतावनी दी है कि दुकानदार 24 से प्रदेशव्यापी हड़ताल पर जाएंगे, तथा दुकान बंद रखेंगे।

महासचिव के अनुसार यदि हमारी मांगे पूरी नहीं हुई तो हम अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जा सकते है अध्यक्ष देवेश भाई तापड़िया ने बताया कि राष्ट्रीय फेडरेशन ने पूरे हड़ताल को संज्ञान में लिया है तथा दुकानदारों ने सहयोग की अपील की है। ज्ञात रहे इन दिनों राशन दुकान में तीन माह का चावल इस साल दिया जा रहा है जिसके कारण दुकानों में भारी भीड़ लगी है। ई पाश मशीन की ग्रेडिंग नहीं होने से उपभोक्ताओं एवं दुकानदारों परेशानी हो रही है। इस हड़ताल से उपभोक्ताओं को परेशानी बढ़ने की संभावना है।

### शासकीय जमीन को 6 लोगों को 30 लाख रुपए में बेच दी, अब जांच करेगी पुलिस कैसे हुई रजिस्ट्री

**रायपुर/ बिलासपुर, 23 जून।** सरकारी जमीन को निजी बताकर आरोपियों ने उसे 6 लोगों के पास 30 लाख रुपए में बेच दिया. जब नामांतरण नहीं हुआ तब कोर्ट से पता चला कि उक्त जमीन सरकारी है. जब पीड़ित ने पैसा वापस करने के लिए कहा तो आरोपी द्वारा मना कर दिया गया. इस मामले में सरकंडा पुलिस ने धोखाधड़ी के तहत अपराध दर्ज किया है. सरकंडा पुलिस ने बताया कि रामनगर चिंगराजपारा निवासी संजय कुमार जायसवाल पिता भकला जायसवाल (43) कारपेंटर का काम करता है. उन्होंने सीपत रोड से बहतराई रोड पर स्थित खसरा नंबर 270 में से रकबा 900 वर्ग फुट को नदीम अहमद टिकरापारा निवासी से 700 रुपए वर्ग फीट के हिसाब से खरीदने के लिए सौदा तय हुआ. 18 जनवरी 2024 को इकरारनामा कराया गया. जिसमें पीड़ित संजय कुमार ने 1 लाख रुपए यूनियन बैंक से आरटीजीएस के माध्यम से नदीम के नाम जमा किया.

## समाचार संक्षेप



ब्लैक ब्लाउज में करिश्मा तन्ना ने दिए पोज, यूजर बोले- हीरे की तरह चमक रही हो।


### राज्यपाल डेका ने तुलसी शिशु मंदिर कांकेर के विकास के लिए 2 लाख रूपए दिए



**रायपुर, 23 जून।** राज्यपाल रमेन डेका ने आज यहां राजभवन में तुलसी शिक्षा एवं कल्याण समिति जसवंत नगर कांकेर द्वारा संचालित तुलसी शिशु मंदिर के भवन विकास के लिए 2 लाख रूपए अपने स्वेच्छानुदान मद से देने की घोषणा की। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष श्री विष्णु दास एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### राजनीति में चुटकी भर साहित्य मिला दिया जाए तो सोने में सुहागा हो जाए: पंकज झा

**रायपुर, 23 जून।** राजनीति में अगर चुटकी भर साहित्य मिला दिया जाए तो सोने में सुहागा हो जाए। यह बात मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार पंकज झा ने प्रेस क्लब में कही। वे वरिष्ठ पत्रकार निकष परमार के काव्य संग्रह ÷हम कोई रास्ता न बन पाए÷ के विमोचन व काव्यगोष्ठी के अवसर बोल रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन रायपुर प्रेस क्लब के सभागार में आयोजित किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने रायपुर प्रेस क्लब की इस रचनात्मक पहल की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। मुख्य अतिथि, छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा ने पत्रकारिता में संवेदना की आवश्यकता का जिक्र करते हुए कहा कि पहले साहित्यकार ही पत्रकार भी हुआ करते थे, क्योंकि पत्रकारिता के लिए जो संवेदना चाहिए वह साहित्यकारों के पास होती है।




स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26